वर्ष- 22 अंक - 72 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 24 अगस्त 2026




## केरल की केजिया लिज मेजो बनी मिस यूनिवर्स इंडिया 2026

**जयपुर.एजेंसी।** केरल की केजिया लिज मेजो ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब जीत लिया है। जयपुर में हुए ग्रैंड फिनाले में तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश इस प्रतियोगिता में पहली रनर-अप (दूसरे नंबर पर) रहीं, जबकि गुजरात की अनुश्री सातवलेकर दूसरी रनर-अप (तीसरे नंबर पर) बनीं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 खिताब जीतने के बाद अब केजिया लिज मेजो दुनिया की सबसे बड़े ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस यूनिवर्स' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।





## सावन के अंतिम सोमवार पर मंदिर में भगदड़

**मधेपुरा.एजेंसी।** बिहार के मधेपुरा स्थित प्रसिद्ध सिंहेश्वर धाम मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर आज भक्तों की भारी भीड़ के कारण हालात बेकाबू हो गए और भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिरते-पड़ते रहे। करीब आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। उधर महाकाल और ओंकारेश्वर मंदिर में भी आज सुबह से भक्तों की भारी भीड़ है।

## कचरे का पहाड़ धंसा, 30 की मौत

**कोनाक्री.एजेंसी।** गिनी की राजधानी कोनाक्री में शहर के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ धंस गया। हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के बाद कचरे के ऊपर से पानी बहा। इससे लैंडस्लाइड हुई और पास की झोपड़ियां मलबे में दब गईं।

# फिर लगी अस्पताल में आग

## तीन नवजातों की मौत, 36 बाल-बाल बचे

**अमरावती ● एजेंसी**

महाराष्ट्र में अमरावती के जिला स्त्री अस्पताल में आज तड़के भीषण आग लग गई। आग अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में करीब 3:30 बजे वेंटिलेटर में हुए कथित विस्फोट के बाद लगी। उस समय वॉर्ड में लगभग 39 नवजात शिशु भर्ती थे। आग की लपटें और धुआं फैलने के बाद कर्मचारियों ने तुरंत बच्चों को वहां से निकाल लिया। कई बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन इस दर्दनाक हादसे में तीन नवजात बच्चों की झुलसने से मौत हो गई। जबकि 6 बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। इसके पहले छिंदवाड़ा में भी तीन नवजात बच्चों की मौत हुई थी।

## क्लोरीन गैस लीक, 40 लोग पहुंचे अस्पताल

महाराष्ट्र के नागपुर के गोधनी इलाके में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के वाटर प्यूरिफिकेशन प्लांट में रात करीब 12:45 बजे क्लोरीन गैस लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। गैस से प्रभावित हुए 40 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। गैस की चपेट में आए एक श्वान की मौत हो गई।

## पति को चीर डाला

**कुरुक्षेत्र.एजेंसी।** कुरुक्षेत्र में विमला देवी नामक महिला ने अपने पति राजेश पर चाकू से वार कर उसका पेट करीब 35 सेंटीमीटर तक चीर दिया। वह बाहर आई आंतों को बैग में भर रही थी, तभी मकान मालिक को देख विमला छत से कूदकर घायल हो गई।

## भारत आईं 150 पाकिस्तानी दुल्हनें

**सोमवार.एजेंसी।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत सरकार ने अटारी मार्ग से आने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे। इससे करीब 150 दुल्हनों की शादी अटक गई थी। अब केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद ये दुल्हनें खाड़ी और दूसरे पड़ोसी देशों के रास्ते भारत पहुंच गई हैं।

## साथ रहने पर अड़े मियां-बीवी और आशिक

**सीतापुर.एजेंसी।** सीतापुर के महमूदाबाद में पति-पत्नी और आशिक तीनों साथ रहने को तैयार हैं, लेकिन परिवार वालों के विरोध के चलते मामला अब घर से बाहर निकल कर थाने तक पहुंच गया है।



# अहिल्या पथ योजना निरस्त करने की मांग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारतीय किसान मजदूर सेना ने शासन-प्रशासन और आईडीए बोर्ड से 'अहिल्यापथ योजना' को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। अध्यक्ष बबलू जाधव ने कहा कि इन्दौर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मंगलवार को होने वाली है, वह बैठक भी अभी निरस्त होना चाहिए। अहिल्या पथ योजना निरस्त कर शासन को चाहिए कि वह किसानों की जमीन बचाए। जाधव ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो किसान उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। योजना के नाम पर किसानों की बची हुई उपजाऊ कृषि भूमि को अधिग्रहण या योजना में शामिल करना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों का कहना है कि नैनोद, रिजलाई, बुढ़ानिया, बड़ा बांगड़दा, पालाखेड़ी, लिम्बोदागारी, रेवती, बरदरी सहित आसपास के गांवों के किसान पहले ही सुपर कॉरिडोर, मेडिकल हब, हाउसिंग बोर्ड, टीपीएस-10 तथा इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे जैसी विकास परियोजनाओं के लिए अपनी सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन दे चुके हैं। अब किसानों के पास सीमित कृषि भूमि ही शेष है। ऐसी स्थिति में नई योजना थोपना किसानों को भूमिहीन बनाने की दिशा में कदम होगा।

## सिंहस्थ के नाम पर किसानों की जमीन क्यों?

भारतीय किसान मजदूर सेना ने सवाल उठाया कि यदि सिंहस्थ के दौरान यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण पहले से किया जा रहा है, तो उसी उद्देश्य के नाम पर किसानों की जमीन को दोबारा योजना में शामिल करने की आवश्यकता क्या है? संगठन ने मांग की कि सरकार इस पूरे मामले में किसानों के सामने स्पष्ट जवाब रखे।





# जोशी ने भाजपा कार्यालय की चौखट पर दी धोक

### नगर अध्यक्ष मिश्रा ने किया बहन का स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और श्रेष्ठा जोशी ने साथ-साथ काम किया और दोनों के बीच तभी से भाई-बहन का रिश्ता है। कल भी भाजपा कार्यालय पर जब श्रेष्ठा जोशी पहुंची तो चौखट पर उन्होंने धोक लगाई और जब उनका स्वागत सुमित मिश्रा ने किया तो बहन का उद्बोधन देकर उनको बधाई गले मिलकर दी। मिश्रा ने जोशी की जमकर तारीफ कर उन्हें तेज तर्रार प्रखर वक्ता बताया। इधर श्रेष्ठा ने भी महिला आरक्षण और जेन-जी पर उद्बोधन दिया और यह भी कहा कि भाजपा महिला मोर्चा में वे सभी बहनों को साथ लेकर काम करेंगी, अंतिम पंक्ति वाली बहनों को भी वे जोड़ेगी।

# कांग्रेस अध्यक्ष ने रैली निकालकर विरोधियों को और चिढ़ा दिया

### मामला जिला कांग्रेस के आम्बेडकर नगरी महू शहर का

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला कांग्रेस ने विगत दिनों प्रदेश कांग्रेस के माध्यम से ब्लॉक कांग्रेस और नगर अध्यक्षों की सूची जारी की थी। इसमें आम्बेडकर नगरी महू के शहर अध्यक्ष के लिए करीब आधा दर्जन कांग्रेस नेताओं की दौड़ में से अमित अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया था। उस नियुक्ति पर कई पुराने कांग्रेसियों ने भी आपत्ति ली थी और कल जब नवनियुक्त महू शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने महू नगर में रैली निकालकर पदभार ग्रहण किया तो अध्यक्ष के दावेदार और उनके समर्थक और चिढ़ गए। इधर कल रैली में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदाशिव यादव भी शामिल हुए और उन्होंने उद्बोधन भी दिया और कहा कि जो निर्णय प्रदेश कांग्रेस ने किया है उसे स्वीकार किया जाना चाहिए और किसी को आपत्ति है तो उचित फोरम पर चर्चा करना चाहिए।






# भाजपा नेता की पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर महामंत्री जीतू कुशवाह ने श्री प्राचीन बाल हनुमान मंदिर गणगौर घाट समिति के बैनर तले कल सावन मास में गणगौर घाट छत्रीबाग से श्री गणगेश्वर महादेव की पालकी यात्रा निकलवाई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र कटारिया भी पहुंचे।

# सरपंच ने निकलवाई लाड़ली बहना कलश यात्रा

### विधायक और पूर्व विधायक भी रहे मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधीनगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से पितरेश्वर हनुमान धाम तक लाड़ली बहना कलश यात्रा सरपंच और भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुरेंद्रसिंह सोलंकी के नेतृत्व में निकाली गई। बडी संख्या में मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण किए और प्रभु के जयकारे भी लगाए। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी हुआ। मधु वर्मा, जीतू जिराती, नारायण पटेल, समरसिंह सोलंकी, घनश्याम नारोले, घनश्याम पाटीदार, हेमचंद मित्तल, किरण सूर्यवंशी, जितेन्द्रसिंह आंजना मौजूद थे।

# शिवसेना पदाधिकारियों ने पुलिस के रवैये पर जताई आपत्ति

### लगाया महिला कार्यकर्ता से भी अभद्रता का आरोप, पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शिवसेना और युवा सेना के पदाधिकारी पुलिस के व्यवहार पर नाराजगी का इजहार करने राऊ थाना पहुंचे। शिवसेना पदाधिकारियों का कहना था कि पारिवारिक विवाद में मामला राऊ थाना तक पहुंचा था और वहां किसी सहायक निरीक्षक ने शिवसेना पदाधिकारियों से ठीक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। शिवसेना की महिला कार्यकर्ता प्रियंका नामदेव ने भी घटना के बीच में हस्तक्षेप किया तो उनके साथ भी पुलिस द्वारा अपशब्दों का प्रयोग किए जाने की बात शिवसेना यूबीटी के पदाधिकारियों ने बताई। शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसी पारिवारिक विवाद में पहुंचे थे। शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को थाना से सख्त भाषा में बाहर जाने के लिए कहा गया था। इस घटनाक्रम के बाद शिवसेना और युवा सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राऊ थाना की घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना पहुंचे और विरोध जताया। इस दौरान परमजीतसिंह मैकेन, प्रियंका नामदेव, लक्ष्मण कुमावत, राजेश तिवारी, राजेश मराठा, राहुल शुक्ला, रामचंद्र, रितिक चौधरी, रुपेश प्रजापत, सुरेंद्रसिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, दिनेश चौहान, रोहित पिंगले भाऊ, उमेश अखंड सहित अन्य मौजूद थे। पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग अभी भी की जा रही है।


।। ॐ शांति ।।

## शोक सभा



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि
**स्वर्गीय श्री हरिहरनाथ जी शर्मा की धर्मपत्नी,**
स्व. डॉ. नरेंद्र शर्मा, राजेन्द्र, मुकेश, दीपक एवं जमुना देवी की पूजनीय माताजी,
श्री योगेन्द्र शुक्ला जी की आदरणीय सासू माँ, अंकित, अंशुल, अक्षत, लक्ष्य, मोनिका,
मुस्कान एवं मनाली, की प्यारी दादी, शौनक, अनिका की परदादी, यश, गौरव की स्नेहमयी
नानी एवं सिया, श्लोक, अद्विक, अहान्य की परनानी
**पूजनीय माँ**

## श्रीमती नंदकुंवर देवी शर्मा

का **स्वर्गवास दिनांक 22 अगस्त 2026 को प्रात:** हो गया है।
दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु

### शोक सभा

**दिनांक** : 24 अगस्त 2026, सोमवार
**समय** : सायं 5:00 से 6:00 बजे तक
**स्थान** : खालसा कॉलेज, राजमोहल्ला, इंदौर

**प्रतिदिन शोक बैठक शाम 5 से 7 बजे** तक **निज निवास** पर रहेगी।
88, 89 के 1 स्कीम नम्बर 71, पावर हाउस के सामने (गुमाश्ता नगर) इंदौर

**शोकाकुल**
शर्मा परिवार, (सागोर) इंदौर ॥
**शांति शांति शांति ।।**

# कांग्रेस प्रवक्ता ने लगाया भाजपाइयों की पिटाई का आरोप

## सांसद से लेकर गोस्वामी तक ने किया खंडन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर कांग्रेस की विधानसभा प्रभारी और शहर कांग्रेस के मुख्य पदाधिकारियों के बीच बिजलपुर निवास पर बैठक हुई थी उस दौरान चिन्टू चौकसे और पिन्टू जोशी के बीच मुद्दे पर तकरार हुई थी और मामला इतना बढ़ा था कि पटवारी को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इस मुद्दे को भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने जमकर उठाया था और उस मुद्दे का पलटवार कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया ने भी किया था। अब दो दिन पहले भाजपा कार्यालय में बैठक में सांसद समर्थक कमल गोस्वामी मुद्दे पर नाराज हुए थे और यह मुद्दा सांसद तक भी पहुंच गया था, लेकिन कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया ने बयान जारी कर भाजपा नगर अध्यक्ष के लिए जमकर बयानबाजी की और सांसद समर्थक और भाजपा नगर अध्यक्ष के बीच मारपीट तक का बयान जारी कर दिया। बड़े दमखम के साथ लोकेश हार्डिया ने यह बयान मजबूत दावे के साथ पेश किया। इस मामले में सांसद शंकर लालवानी से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वे बाहर है और इंदौर आकर मामले को समझेंगे, लेकिन मारपीट का मामला पूरी तरह गलत है। इधर जिस भाजपा नेता कमल गोस्वामी के मुद्दे पर वीडियो जारी किया गया है उनसे भी चर्चा की गई तो उन्होंने भी मारपीट की घटना से पूरी तरह इंकार किया और कहा कि जो भी मुद्दा हुआ था वह हमारे संगठन का अंदरुनी मामला है वे उस मामले में सांसद शंकर लालवानी से चर्चा करेंगे, लेकिन मारपीट की बात को उन्होंने भी गलत बताया। जबकि लोकेश हार्डिया ने जिस तरह का बयान जारी किया वह काफी तीखा बयान है। इस मामले में लोकेश हार्डिया ने अपनी सोशल मीडिया आईडी पर एक कार्टून भी जारी किया, जिसमें भाजपाइयों को आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया, जिसमें सुमित मिश्रा और सांसद शंकर लालवानी और समर्थक भी है। इस मामले में नगर अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि यह सब गलत है।




## भाजपा के दो राष्ट्रीय पदाधिकारियों का कार्यालय पर होगा आज दोपहर सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और खरगोन के सांसद गजेन्द्र पटेल और राष्ट्रीय मंत्री सांसद कविता पाटीदार का आज भाजपा कार्यालय में सम्मान का आयोजन रखा है। विमानतल से सीधे यह दोनों पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, कुछ चौराहों पर स्वागत भी होगा। पहले रैली की योजना बनाई थी, लेकिन त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में भीड़ को देखते हुए रैली निरस्त की गई। इस स्वागत कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने बैठक भी आयोजित की थी। दोनों पदाधिकारी दोपहर 12.30 बजे के करीब विमानतल पर पहुंचेंगे, वहां भी स्वागत होगा। बताया जा रहा है कि दोपहर 1.30 बजे भाजपा कार्यालय में भी स्वागत का आयोजन किया गया है।

## कांग्रेस की समन्वय समिति की बैठक शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस ने आज प्रदेश प्रभारी उषा नायडू की मौजूदगी में शहर के समन्वय समिति की बैठक गांधी भवन में शुरू की। इस बैठक में आमंत्रित सदस्य ही मौजूद है। वहां आज दोपहर 2 बजे से शहर कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक भी उषा नायडू लेंगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद है और दोपहर में भी मौजूद रहेंगे।

## प्रभारी नायडू ने कल की थी कांग्रेसियों से मुलाकात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू इंदौर में ही है और कल उन्होंने गांधी भवन बैठकर शहर और जिला के कई कांग्रेसियों से मुलाकात कर संगठन मुद्दे पर चर्चा की थी।

## ट्रेन में चूहे ने यात्री की काटी नाक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

ट्रेन में चूहे ने यात्री की नाक काटने का हैरान करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है बीती रात एक 75 वर्षीय बुजुर्ग चंडीगढ़ से इंदौर आ रहे थे, इसी दौरान चूहे ने उनकी नाक कुतर दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें अचानक तेज दर्द हुआ और खून निकला तो उनकी नींद खुली, हालांकि मामले की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन परिजन कोच में गंदगी और चूहे होने का आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग को इंदौर पहुंचते ही इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर परिजन पहुंचे है।




## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर खटीक संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन पूनम सिलावट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजक शशि पूनम सिलावट ने बताया कि इस अवसर पर कई राजनेता भाजपा और कांग्रेस एवं अधिकारी, समाजजन, मौजूद रहे।

# भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की कमान रणदिवे-बरुआ के हाथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा की दो दिवसीय पदाधिकारी और कार्यसमिति की बैठक 30 और 31 अगस्त को ओरछा के होटल राजमहल में होगी। मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रदेश के सारे पदाधिकारी, सांसद सहित अन्य आमंत्रित है। इस बैठक की जिम्मेदारी गौरव रणदिवे और शैलेन्द्र बरुआ के हाथ में है। 29 अगस्त से ही पदाधिकारियों का ओरछा पहुंचना शुरू हो जाएगा। इस मुख्य बैठक के पहले 25 अगस्त को टोली की बैठक भी आयोजित की जा रही है। ओरछा में संगठन पदाधिकारियों ने व्यवस्था देखना शुरू कर दिया है। शैलेन्द्र बरुआ, श्याम महाजन, अर्चना सिंह, सुरेन्द्र शर्मा ने भी ओरछा जाकर तैयारियां को देखी। इस बैठक में प्रदर्शन भी लगाई जाएगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और संगठन के मुद्दों पर चर्चा भी होगी। ओरछा में 400 कमरों की बुकिंग की गई है। सरकार की योजनाओं से लेकर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी अलग-अलग दी गई है। प्रदेश पदाधिकारियों में 106 नियमित सदस्यों, 41 विशेष आमंत्रित सदस्य के अलावा सांसद, विधायक सहित 350 से अधिक नेताओं की मौजूदगी इस बैठक में रहने की संभावना है, प्रदेश अध्यक्ष के अलावा मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य भी बैठक में शामिल होंगे। इंदौर के सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी भी इस बैठक में शामिल होंगे।



## विधायक समर्थक भाजपा नेता ने करवाई मातृशक्तियों को महेश्वर यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 2 के मनकामनेश्वर मंदिर से वार्ड 21 और 22 की मातृशक्तियों को दो बसों के माध्यम से सावन मास पर्व पर महेश्वर की धार्मिक यात्रा कराई। मातृशक्तियों ने माँ नर्मदा का स्नान कर भोलेनाथ की पूजा भी की। यह आयोजन भाजपा नेता सुरजीत वालिया ने कराया था। इस अवसर पर चंदू कुंजीर, मनोज सर, कपिल पाठक, ओम गुर्जर, अखलेश आरती जायसवाल, दीप्ति राठौर, ओम पानेरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आईडीए का सम्पदा विभाग ले रहा है मनमाना शुल्क

## लीज डीड, सेल डीड, लीज अनुबंध लेख संपादित करवाने में हो रहा है खेल, प्राधिकरण के साथ निगम पर भी आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने इन्दौर विकास प्राधिकरण की सम्पदा शाखा को घेरे में लिया है। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि आईडीए संपदा विभाग के अधिकारियों की मोनोपाली को लेकर तथा कृपापात्र सेवा प्रदाताओं के माध्यम से ही लीज डीड सेल डीड लीज अनुबंध लेख आदि संपादित करवाए जाते हैं तथा मनमाने शुल्क लिए जाते हैं तथा सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले कमीशन को भी खुद अधिकारियों द्वारा रखा जाता है। इसी तरह से इंदौर नगर निगम व्दारा प्रधानमंत्री आवास योजना के दस्तावेज भी खास सेवा प्रदाताओं से करवाए जाते हैं। द्विवेदी ने बताया कि लगातार शिकायतें आ रही है कि अन्य सेवा प्रदाताओं को अधिकारियों व्दारा परेशान किया जाता है। आईडी भी नहीं दी जाती है फिर ओटीपी नहीं दी जाती है जबकि मनचाही जगहों पर सम्पूर्ण दस्तावेज पूर्व से दिया गया होता है। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के कारनामे उजागर ना हो तथा इंदौर नगर निगम के खेल उजागर ना हो इस कारण ऐसा होता है यह भी अहम् कारण है। सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले कमीशन को भी ये अधिकारी ले लेते हैं। द्विवेदी ने बताया कि जिस तरह हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री में खेल किया गया और सेवा प्रदाता को नाम मात्र की राशि दी गई। मामला उजागर होने पर सेवा प्रदाता तमाम प्रकार की परेशानी में फंसा। मय तथ्यों सहित एवं मय दस्तावेज के साथ अब इंदौर विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम इंदौर के खेल उजागर किया जायेगा।

# रविवार को राखी की खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़

## राजबाडा, रानीपुरा, बजाजखाना-मारोठिया में दोपहर में पैर रखने की जगह नहीं थी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नए दौर में एक परिवर्तन यह भी आ गया है कि अब त्योहारों की खरीददारी त्योहार आने के दो-चार दिन पहले ही होती है। शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। कल रविवार को इसके लिए राजबाडा और आसपास के क्षेत्र में जमकर खरीददारी हुई। वैसे तो शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में राखी सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें है फिर भी राजबाड़ा की खरीददारी को शहर के लोग विशेष मानते है, इसलिए कल रविवार को राजबाडा के अलावा सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाजखान चौक और मारोठिया बाजार में खरीददारों की जमकर भीड़ नजर आई। दोपहर में तो कई जगह हालात यह बन गए थे कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी। इसके अलावा कालानी नगर, मालवा मिल, पाटनीपुरा, सिरपुर, मूसाखेड़ी, सिंधी कालोनी में भी कल भीड़ नजर आई। राखियों के अलावा नारियल, रुमाल और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ नजर आई। इसके अलावा साड़ी और सूट की खरीददारी भी कल जमकर हुई। बर्तन बाजार में बर्तनों की दुकान तो बंद थी लेकिन दुकानों के बाहर फुटकर व्यापारियों ने अलग-अलग सामग्रियों की दुकान लगाई थी, जिनके पास भी खरीददारों की भीड़ थी।




## फुटपाथ पर कब्जों को लेकर चर्चा गर्म

इधर कल राजबाड़ा पर भीड़ थी, उधर क्षेत्र के दुकानदार फुटपाथ पर लगाई जाने वाली दुकानों को लेकर आक्रोशित नजर आए। इसको लेकर फिर चर्चाएं हुई। अक्षय जैन ने बताया कि रिमूव्हल गैंग के 20 से अधिक कर्मचारी क्षेत्र में मौजूद थे, लेकिन उन्होने फुटकर व्यापारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की।



## संजय सेतु पर भी हुई खरीददारी

संजय सेतु पर राखियों की कई अस्थायी दुकानें लगी है। इन दुकानों पर भी कल जमकर भीड़ रही। हालांकि पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां जाम भी लगता रहा। पुलिस ने राजबाडा क्षेत्र में बड़े वाहनों की इंट्री पर तो रोक लगा दी थी।

# राजीव विकास केन्द्र ने पहले पदाधिकारी बनाया और अब 5 को हटाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष और राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने शहर कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद अपने राजीव विकास केन्द्र में बम्पर नियुक्तियां प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक में की थी। सैकड़ों की तादाद में नियुक्तियां हुई थी और अब आरोप-प्रत्यारोप के बीच 5 पदाधिकारियों को हटाने का काम भी देवेन्द्रसिंह यादव ने किया है। यादव के साथ सादिक खान ने बताया कि भाजपा के इशारे पर सोशल मीडिया पर कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ लगातार अनर्गल टिप्पणी यह कर रहे थे इसलिए इन्हें हटाया गया है। बोहरा समाज से जुड़े अली असगर भोपालवाला को भी शासकीय कार्य के दुरुपयोग का आरोप लगाकर हटाया गया है। इसी तरह रविन्द्र दुबे, सुरेश यादव, श्याम वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा को भी प्रदेश पदाधिकारी पद से हटाया गया है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी पत्र लिखा गया है कि ऐसे कांग्रेस के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वालों को कांग्रेस से निकाला जाए।

## कौशल की आपत्ति के बाद सभापति का पत्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने अफसरशाही पर पत्र के माध्यम से प्रहार किया था और 1 लाख से कम के टैक्स पर चेक नहीं लेने वाले 8 अगस्त को फरमान को कौशल ने तुगलकी बताया था। इस मामले में कौशल का कहना रहा कि सभापति ने पत्र के माध्यम से इस पर कार्रवाई की है।



# नगर भ्रमण पर निकलेंगे भूतेश्वर महादेव

## स्वागत मंचों से पटा यात्रा मार्ग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सावन के अंतिम सोमवार पर आज शाम को पंचकुइया रोड स्थित भूतेश्वर मंदिर से परम्परागत यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा अंतिम चौराहा बड़ा गणपति, खजूरी बाजार, राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला होते हुए पुनः मंदिर देर रात पहुंचेगी। यात्रा का सैकड़ों मंचों से स्वागत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां भी हो चुकी है। जगह-जगह मंच बनने का काम जारी है। बड़ी संख्या में बाबा भूतेश्वर से जुड़े श्रद्धालु आज अपनी दुकान, मकान से बाबा और भक्तों का स्वागत करेंगे।

# कल शटडाउन लेकर सुधारेंगे महू नाका पर नर्मदा लाइन का लीकेज

## शहर में 20 टंकी में नहीं भरा जा सकेगा पानी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम के द्वारा कल मंगलवार को शटडाउन लेकर महूनाका पर नर्मदा लाइन का लीकेज सुधारने का काम किया जाएगा। इसके परिणाम स्वरुप बुधवार के दिन शहर में 20 टंकी में पानी नहीं भरा जा सकेगा।**

जलप्रदाय विभाग द्वारा बताया गया कि इंदौर नगर निगम द्वारा शहर में जलप्रदाय व्यवस्था से संबंधित आवश्यक मरम्मत एवं इंटरकनेक्शन कार्य एक साथ पूर्ण किए जाने के उद्देश्य से कल 25 अगस्त को 1200 एमएम व्यास की पाइपलाइन में लगभग 24 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। महूनाका क्षेत्र में 250 एमएम का वॉल्व खराब हो गया है, जिसके कारण झोन क्रमांक 12 की डायरेक्ट जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उक्त वॉल्व को बदलने का कार्य किया जाना आवश्यक है।

इसके साथ ही बिलावली घाटी में 1200 एमएम पाइपलाइन में हुए लीकेज का सुधार कार्य किया जाएगा। वहीं राजेंद्र नगर ब्रिज के नीचे पुरानी पाइपलाइन में लीकेज के सुधार के साथ इंटरकनेक्शन कार्य तथा आवश्यक वॉल्व स्थापित करने का कार्य भी किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा नागरिकों को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखने के उद्देश्य से उपरोक्त सभी आवश्यक कार्यों को एक साथ पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 25 अगस्त को लगभग 24 घंटे का शटडाउन रहेगा। इस शटडाउन के कारण 20 पानी की टंकियां पूरी तरह नहीं भर पाएंगी, जिसके चलते 25 अगस्त को 1200 एमएम पाइप लाइन से होने वाला डायरेक्ट सप्लाई और 26 अगस्त को टंकियों से संबंधित क्षेत्रों में नियमित जलप्रदाय प्रभावित होगा।

इस स्थिति में अन्नपूर्णा, स्कीम नं. 103, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा प्रताप नगर, नरवल, अग्रबत्ती काम्प्लेक्स, कुशवाह मोहल्ला, टिगरिया बादशाह, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिंसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल, भक्त प्रहलाद नगर, एम.ओ.जी. लाइन व जय हिन्द नगर की टंकी से पानी की सप्लाई नहीं हो सकेगी।

# 22 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण हटवाने की कोशिश जारी

## एमपीआईडीसी के अधिकारी लगा रहे हैं जिला प्रशासन के पास चक्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**उद्योगों को आवंटित की जाने वाली 22 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण हो गया है। इस जमीन पर से अतिक्रमण हटवाने के लिए एमपीआईडीसी के अधिकारी जिला प्रशासन के पास चक्कर लगा रहे हैं। अभी तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।**

राज्य सरकार के द्वारा जनवरी में भोपाल में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारी तेज गति के साथ शुरू कर दी गई है। इंदौर में मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का रीजनल कार्यालय है। यही ऐसा रीजनल कार्यालय है इसके क्षेत्र में अधिक से अधिक उद्योग जमीन पाना चाहते हैं। जब भी मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा देश अथवा विदेश के किसी भी उद्योगपति या उद्योग कंपनी से निवेश के लिए संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा निवेश करने के लिए अपनी पहली रुचि इंदौर क्षेत्र में प्रदर्शित की जाती है।

हर उद्योगपति केवल और केवल इंदौर में ही आना चाहता है। इस स्थिति के बावजूद राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के अन्य औद्योगिक क्षेत्र में भी उद्योगों को लाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। महाकाल लोक का निर्माण होने के बाद उज्जैन में स्थापित की गई विक्रम उद्योगपुरी में निवेश करने के लिए उद्योगों के द्वारा रुचि का प्रदर्शन किया जाने लगा है। अब बड़ी संख्या में उद्योग उज्जैन में भी जाने में रुचि ले रहे हैं।

इन उद्योगों को मध्य प्रदेश में इंदौर के बाद उज्जैन ही सबसे ज्यादा संभावना वाला क्षेत्र लग रहा है। ऐसी स्थिति में बाबा महाकाल की नगरी में जाकर अपने उद्योग की प्रगति की राह को सुगम करने में उद्योगपति रुचि ले रहे हैं। इंदौर में जो उद्योगपति अपने उद्योग लगाना चाहते हैं उनके लिए मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पास जो जमीन है उसमें से 22 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन अतिक्रमण की शिकार है। इस जमीन पर अतिक्रमण किए हुए हैं। कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि महू तहसील के जामनिया जागीर (खसरा नं. 1) की 9.930 हेक्टेयर जमीन में से 4.85 हेक्टेयर तथा राऊ तहसील के रंगवासा औद्योगिक क्षेत्र (खसरा नं. 591/1) की 9.044 हेक्टेयर जमीन के हिस्से पर अनधिकृत कब्जा है। दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 13.894 हेक्टेयर (लगभग 34.3 एकड़) जमीन मुक्त कराई जानी है। रंगवासा के डायमंड पार्क (कन्फेक्शनरी क्लस्टर) के 5 खसरों के हिस्सों पर भी अतिक्रमण हटाने का मामला लंबित है। इन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों के पास लगातार कोशिश की जा रही है। प्रशासन भी कभी अपनी ला एण्ड ऑर्डर की व्यवस्था के कारण तो कभी वी आई पी मूवमेंट के कारण और कभी इच्छा शक्ति नहीं होने के कारण इन मामलों को टाल रहा है। एमपीआईडीसी के अधिकारियों से लगातार संपर्क करते हुए यह कोशिश की जा रही है कि जल्द से जल्द इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवा लिया जाए ताकि इस जमीन पर उद्योगों के आगमन की राह को सुनिश्चित किया जा सके। जिन स्थानों पर यह अतिक्रमण किए हुए हैं उन स्थानों पर उद्योगों की मांग भी बनी हुई है। ऐसे में यदि यह अतिक्रमण हटाया जाता है तो बहुत कम समय में यह जमीन उद्योगों को आवंटित की जा सकेगी।



## पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक से बारिश की कामना

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री आर्यश्वर वैदिक ज्योतिष संस्थान सेवा समिति द्वारा पुत्रदा एकादशी के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन, अभिषेक और महामृत्युंजय जाप संपन्न करवाए गए। हंसदास मठ के महंत रामचरणदास महाराज और महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में श्रावण मास एकादशी पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक महामृत्युंजय मंत्र जाप किया जाप किया गया। अच्छी बारिश की कामना भी शिवलिंग निर्माण अभिषेक और मंत्रोच्चार के दौरान की गई। वेदांत शर्मा, आदित्य स्वामी, वर्षा शर्मा, डॉ. सरगम राय, डॉ. नीतू सिसोदिया, डॉ. नम्रता मालपानी, पूजा शर्मा, मोनालिसा जोशी, ज्योति शर्मा, आशा शर्मा मौजूद थे।

## बाबा गुटकेश्वर महादेव की शाही सवारी आज दोपहर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री गुटकेश्वर धाम सद्गुरु परिवार न्यास द्वारा अंतिम सावन सोमवार को बाबा गुटकेश्वर महादेव किला मैदान की शाही सवारी आज मंदिर से दोपहर 3 बजे से निकाली जाएगी। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर सम्मिलित होगी। धीरज शुक्ला, चंद्रप्रकाश दुबे ने बताया कि शाही सवारी शाही लवाजमे के साथ यह यात्रा श्री धाम सरकार के सानिध्य में होगी। पूरे रास्ते भर यात्रा में साधु संत चलेंगे। कई मंचों से भगवान और भक्तों का स्वागत होगा।



## अन्नपूर्णा मंदिर के महादेव का हुआ जलाभिषेक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शिवाय मातृशक्ति संगठन ने कांवड़ यात्रा का आयोजन दत्त नगर चौराहा से अन्नपूर्णा मंदिर तक किया। कावड़ यात्रा में झांकियां भी शामिल हुई और भगवान के जयकारे भी लगे। कई राजनेता आयोजन में शामिल हुए।**

## महेश्वर से इन्दौर होते हुए महाकाल मंदिर पहुंची कार कावड़ यात्रा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन्दौर से जुडे श्रद्धालुओं ने महेश्वर से मां नर्मदा का पवित्र जल कावड़ में लेकर कार से कावड़ यात्रा की। इन्दौर के राधानगर में पड़ाव हुआ और फिर यात्रा उज्जैन महाकाल मंदिर पहुंची जहां बाबा महाकाल को जल अर्पण किया गया। ओमप्रकाश बागड़ी, विष्णु बागड़ी, मोहित बागड़ी, दिव्य बागड़ी आयोजन से जुड़े रहे।

## शिवधाम में अमरनाथ

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सावन के चौथे सोमवार पर श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम मंदिर में सुबह 5 बजे मंगला आरती की गई। उसके बाद जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक किया गया। मंदिर में बाबा बर्फानी अमरनाथ की झांकी सजाई जाएगी।

## आज रामेश्वर मंदिर में अष्टमुखी पशुपतिनाथ श्रृंगार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आज सावन के चौथे सोमवार पर श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार दिव्य अष्टमुखी पशुपतिनाथ श्रृंगार होगा जिसकी तैयारियां आज सुबह से शुरू हो गई है। मंदिर परिसर को जंगल थीम, दुर्लभ देशी-विदेशी पुष्पों एवं सैकड़ों दीपों की रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। रात्रि 8 बजे काकड़ महाआरती तथा रात्रि 9 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात समस्त शिवभक्तों के लिए महाप्रसादी के रूप में फरियाली वासुंदी एवं रगड़ा-पेटिस की व्यवस्था भी की गई है। इस श्रृंगार और सजावट के लिए पिछले एक सप्ताह से तैयारी की जा रही है। आयोजन से मुकेश कचोलिया, रमेश अग्रवाल, नीलेश रायकवार, चुन्नू शर्मा, कपिल कनौजिया ज़ुडे हुए है।



## कावड़ यात्रा का स्वागत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ओंकारेश्वर से उज्जैन तक कावड़ यात्रा खेड़ीघाट से प्रारंभ होकर इंदौर पहुंची। भंवरकुआं ब्रिज के नीचे स्थित मंदिर पर यात्रा का पड़ाव हुआ। रात्रि विश्राम के बाद यह कावड़ यात्रा राजवाड़ा पहुंची, जहां अहिल्या प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया। इंदौर में यात्रा का स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता सुनील यादव के पुत्र वंश यादव भी कावड़ यात्री बने हैं। यात्रा का स्वागत सुनील यादव, संजय अरोरा, राकेश अरोरा, अनिल यादव, संतसिंह टक्कर, राजेश यादव, रजितसिंह त्रेहान, अवनिक यादव, अमन यादव, जसवंतसिंह टक्कर, हर्ष कपूर, क्रीश यादव मौजूद थे।



## पार्थिव शिवलिंग का पूजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन के संजय अग्रवाल ने बताया कि महाकाल कावड़ सेवा शिविर में पार्थिव शिवलिंग का पूजन, अभिषेक संतों की मौजूदगी में किया गया। कावड़ यात्रियों का सम्मान भी किया गया। भाजपा नेता गणेश गोयल अतिथि थे।

## शिव पालकी यात्रा में श्रद्धालु



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कामेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा शिव पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान भोलेनाथ का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें फूलों से सजी पालकी में विराजित किया गया। यात्रा के शुरू होते ही हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु थे। भगवान और श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया गया। दुर्गेश गोस्वामी, प्रेम पटवारी, मिलिंद, संतोष कोरी, अंतिम ठाकुर, विवेक शर्मा, चंद्रकांत जांगले, संदीप मालाकार, सूरज, राजू ठाकुर सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## छात्रों की प्रार्थना और बटुकों का वैदिक मंत्र फिर पौधारोपण





**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मानव सेवा ट्रस्ट, हार्टफुलनेस एवं इंदौर नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में मानव सेवा ट्रस्ट परिसर, अरबिंदो अस्पताल के पास, सांवेर रोड पर छात्रों की प्रार्थना और बटुकों के वैदिक मंत्र के बाद बड़ी संख्या में पौधारोपण का आयोजन किया गया। पूर्व में भी बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए वे भी जीवित है। एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, राजेश जायसवाल, निमेश पालीवाल, रमाकांत अग्रवाल, विजय लाड, पुरुषोत्तम पुरोहित, लक्ष्मीकांत शाह, मनोहर बाहेती मौजूद थे।**



## मंदिर का वार्षिक उत्सव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** न्याय नगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव अखंड रामायण परायण पाठ से प्रारंभ हुआ। सुबह आचार्यो द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात पाठ प्रारंभ हुआ। दिन में महिला मंडल द्वारा संगीतमय पाठ किया गया। विधायक रमेश मेंदोला, पार्षद मनोद मिश्रा ने भी शिरकत की। महिला मंडल ने भी भजन कीर्तन किए, आरती भी की गई। आज सावन के अंतिम सोमवार पर रामायण परायण पाठ का समापन हो रहा है।



## यादव समाजजनों ने दिखाई भक्ति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री यादव समाज चन्द्रवंशीय से जुड़े यादव समाजजनों ने अन्य श्रद्धालुओं को साथ लेकर कावड़ यात्रा शिव मंदिर सुभाष नगर से राधाकृष्ण कृष्ण मंदिर परदेशीपुरा तक निकाली। रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। गोपाल यादव, शिव कर्दम, देवेंद्र यादव, अशोक वर्मा, चंदनसिंह यादव, मोहन यादव, शक्ति यादव, शिव यादव, कांतिलाल निम, विजय यादव, किशोर यादव, अंकित यादव, कमलेश यादव, रसेन सहित अन्य मौजूद थे।

## वेंकटेश्वर महादेव की पालकी यात्रा आज शाम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा नेता राघु यादव ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार पर वेंकटेश्वर महादेव के जयकारों के साथ पालकी यात्रा आज शाम 4 बजे निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

## शिवोमा वैदिक रक्षासूत्र का निर्माण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शिवोमा आश्रम में विगत 40 वर्षों से ऋग्वेद के सातवें मंडल में वर्णित परम्परा अनुसार वैदिक रक्षासूत्र बनाया जा रहा है। स्वामी शिवार्थ स्वामी, डॉ. जितेन्द्र कुमार भट्ट शिवोमा आश्रम ने बताया कि अक्षत, सरसों, केसर, दुर्वा, तांबा, क्रिस्टल, चंदन पाउडर, तुलसी के बीज सहित आठ वैदिक तत्वों से बना यह सूत्र वैदिक मंत्रों से अभिमंत्रित किया जाता है। यह स्त्री-पुरुष, बच्चे सभी धारण कर सकते हैं। आश्रम द्वारा बच्चों के लिए वैदिक रक्षा कैंडल भी बनाया गया है।



# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में अभिषेक और दर्शन की भीड़



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पवित्र सावन माह का आज अंतिम सोमवार है, कल जहां रविवार को बड़ी तादाद में कावड़ यात्रा, पालकी यात्रा और शिव मंदिरों में दर्शन करने वाले पहुंचे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवगुराडिया में भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। यही स्थिति अन्य मंदिरों की थी। वहीं आज इस सावन के आखिरी सावन सोमवार पर छोटे से छोटे शिव मंदिर से लेकर बड़े शिवालयों में भी आज आस्था दिखाई दी, श्रद्धालु आज सुबह से दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक करने शिव मंदिर पहुंचे। बाबा भोलेनाथ के जयकारे भी मंदिरों में गूंजे। बिल्व पत्र के साथ फूल और धतुरा भी भगवान को अर्पण किया गया। आज कई मंदिरों को विशेष रूप से शृंगारित किया गया है, मंदिरों में रोशनी भी की गई है, कई मंदिरों में आज दोपहर से लेकर रात तक भजन-कीर्तन के आयोजन रखे गए हैं। कई जगह फरियाली खिचड़ी और फल प्रसाद के रूप में वितरित होंगे, शाम को मंदिरों में शृंगार दर्शन और रोशनी देखने भी श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचेंगे। कुल मिलाकर रक्षाबंधन पर्व के पूर्व के अंतिम सावन सोमवार पर आस्था आज शिव मंदिरों में दिखाई दे रही है। मंदिरों में बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं और ॐ नमः शिवाय के जाप किए जा रहे हैं। आज श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखे हैं।

## ब्राह्मण महासभा ने किया रुद्राभिषेक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. ब्राह्मण महासभा ने हंसदास मठ में महारुद्राभिषेक, नर्मदेश्वर शिवलिंग वितरण और भोजन का आयोजन किया। पवनदास महाराज, कैलाशदत्त पाण्डे, विकास ओझा, रीमा दुबे, रोहित दुबे, उमा पाराशर, नीता थापक, आनंद तिवारी, रामदयाल तिवारी, मोनिका शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## भोलेनाथ की पालकी और खाटूश्याम बाबा की यात्रा में लगे जयकारे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पूर्वी क्षेत्र के बंगाली चौराहा क्षेत्र से भोलेनाथ महाकाल की पालकी यात्रा और खाटश्याम बाबा की यात्रा निकाली। राकेश बोरासी, मयंक बोरासी, राजीव जैन, पप्पू कौशल, संदीप बोरासी, सचिन बोरासी, राजेश बोरासी, अर्जुन यादव, सुमित जोशी, भरत व्यास, रितिक शर्मा, शिवदयाल भय्यू, राजू कंचोले, दिनेश सेन, कमलेश भमौरे, आकाश सिसोदिया, अभिषेक शर्मा, गौरव गोस्वामी, आशीष बोरासी, पृथ्वी सोलंकी, कांति बोरासी, आकाश चौहान, पिंकू पाल, पारस पटाया, राम पाटिल, अमर सिंह बड़गोत्या, विक्की बोरासी, सूरज कौशल, हर्ष कौशिक, मोंटी सिलावट, ऋषभ बोरासी, कृष्णा दुबे, जीतू सैनी, माखन यादव, सोनू बाली, ऋतिक बाली, गोपाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सोमेश्वर महादेव की यात्रा में लगे जयकारे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माता वैष्णोदेवी दर्शन सेवा समिति ने सोमेश्वर महादेव की पालकी यात्रा उमंग पार्क पद्मालय कालोनी से निकाली। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने महादेव के जयकारे भी लगाए। गोपाल बैरागी, राहुल अग्रवाल, पवन सोनी, राहुल छाबड़ा, सार्थक सोनी, सार्थक बैरागी, नयूरा सोनी, सोनू गुलेरिया मौजूद थे।



## विजय मारुति मंदिर पर आज रात महाआरती और प्रसादी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विजय मारुति मंदिर नवरत्नबाग में आज सावन सोमवार पर सुबह से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक हो रहा है। शाम को विशेष शृंगार के बाद महाआरती होगी और फलाहारी खिचड़ी का वितरण भी होगा। मंगलदास महाराज खाकी, प्रवीण जोशी ने बताया कि अखंड रामायण का पाठ भी मंदिर में चल रहा है।

## वेंकटेश मंदिर के झूला उत्सव में पहुंचे श्रद्धालु

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में कल सावन की एकादशी पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे और झूला उत्सव में शिरकत की। भगवान के झूले का पालना झुलाया। पुष्प से सजावट की गई थी। भगवान वेंकटेश, भगवती श्रीश्री देवी, श्री भूदेवी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने गोविंदा के जयघोष गुंजाए। कल रविवार होने की वजह से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और पुष्पों से अर्चना भी की। स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ। पंकज तोतला, पवन व्यास, ऋषि शर्मा, सौरभ चौहान, आनंद बजाज, विनीत गोयल, गोविंद झंवर, गजेंद्र राठौड़, नंदा काका, दीपक सेठिया सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग की भस्मारती

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री राम मंदिर पंचकुइया में अंतिम सावन सोमवार पर द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव की भस्मारती आज सुबह की गई। मंदिर में आज सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बिल्व पत्र और पुष्प अर्पण किए गए। सावन मास में 41 ब्राह्मण विद्वानों द्वारा अखंड रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आज शाम विश्वेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग का भांग सूखे मेवे से शृंगार होगा, फूलों से सजावट भी होगी, शाम को श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे।



## पार्श्वनाथ भगवान और नाकोड़ा भैरव बाबा का पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन संतों के सानिध्य में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्री संघ ट्रस्ट कालानी नगर ने कल नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान एवं नाकोड़ा भैरव देव का पूजन एवं हवन का



धार्मिक आयोजन किया। कमल धारीवाल, संजय भंसाली, रितेश जैन, अमित संघवी लाभार्थी थे। सुनील पटवा, अरविन्द डोसी, हुकमचंद गोखरू, शरद शाह, शैलेष जैन, हेमंत गुगलिया मौजूद थे।

## भोलेनाथ की भक्ति में रमेगा किन्नर समाज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सावन सोमवार पर आज किन्नर समाज भी शिव भक्ति में लीन रहेगा। आज दोपहर नंदलालपुरा से कलशयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में किन्नर समाजजन बोल बम की गूंज भी करेंगे। धार्मिक रूप से शिव भजनों पर नृत्य भी करेंगे। शाम को भंडारे का आयोजन होगा।

## महिलाओं ने साड़ी की थीम पर किया रैम्प पर केटवॉक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मदर इंडिया शक्ति श्री संस्था से जुड़ी मातृशक्तियों ने भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और साड़ी की गौरवशाली विरासत को लेकर महिलाओं ने वाकथान आयोजन के अन्तर्गत कार्यक्रम में 25 वर्ष लेकर 65 वर्ष की महिलाओं रेम्प् पर केटवॉक किया। केटवॉक में भाग लेने वाली महिलाएं भरितीय परिधान राजस्थानी, बंगाली, मराठी, गुजराती, मारवाड़ी आदि प्रकार की साड़ियां पहन कर आई। कुल मिलाकर इस थीम से भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और साड़ी की विरासत को लेकर यह वॉकथॉन आयोजन किया। अतिथि अर्चना जायसवाल, डॉ. विनीता कोठारी, पुष्पा गुप्ता, कविता गर्ग, स्वर्णा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। संस्था की रजनी खेतान, स्वाति सिंघल, इंदु अग्रवाल का योगदान रहा।

# माहेश्वरी समाज के युवाओं ने लगाया रक्तदान शिविर



## 69 साल के बुजुर्ग ने भी युवाओं के आयोजन में दिया रक्त

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था युवा संकल्प के बैनर तले माहेश्वरी समाज से जुड़े युवाओं ने सेवाकार्य के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। युवाओं ने तो रक्त दिया ही लेकिन 69 वर्षीय एक बुजुर्ग ने भी रक्तदान कर युवाओं का हौंसला माहेश्वरी स्कूल छत्रीबाग में बढ़ाया। पिता-पुत्र और नवविवाहिता जोड़ी ने भी रक्तदान किया। इस आयोजन में बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी का भी सहयोग भरत सारडा ने दिलवाया। श्रीनिवास मालपानी, रामेश्वरलाल बिन्नानी, राजेश सोनी, ईश्वर बाहेती, सुनील मोहता, भरत सारडा, संतोष साबू, पुलिस अधिकारी शिवेन्द्र जोशी अतिथि थे। संस्था के पंकज माहेश्वरी, रोहण माहेश्वरी, अभिषेक ईनानी, डॉ अमित बंग, नीरज जाखेटिया, अर्पित दम्मानी, रजत मूंदड़ा, नितेश मुछाल, विनय कासट, शरद काबरा, रोहन सोमानी, विक्की साबू, हितेश बंग, ओम मूंदड़ा, पुनीत साबू, परिवेश परवाल ने अपनी भूमिका इस सेवाकार्य में निभाई। बांगड़ सोसायटी ने भी पूर्ण सहयोग किया।



# मैथिलानियों ने सहेजी मिथिला की संस्कृति



## सखी बहिनपा का स्थापना दिवस मनाया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मिथिला की भाषा, संस्कृति, लोक परंपराओं और संस्कारों को सहेजने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के संकल्प के साथ सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की इंदौर इकाई ने अपना स्थापना दिवस मनाया। खजराना गणेश मंदिर में सामूहिक दर्शन और भोग अर्पण के साथ हुई। इसके बाद खजराना अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। मैथिली गीत गाए फिर झिझिया नृत्य भी किया। रेखा पण्डित, ऋतु झा, शारदा झा, सुषमा झा, श्वेता मिश्रा, सोनी झा, कविता झा सहित अन्य मौजूद थी।



# जैन ग्रुप ने कराई कविताओं की प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन सोशल ग्रुप मेन द्वारा जाल सभागृह में कवियों की रचना की प्रस्तुति सम्मेलन में कराई। प्रो. राजीव शर्मा, कमलेश्वर सहज ने कवियों के साथ अपनी भूमिका निभाई। राजेन्द्र जैन संचेती, शैलेष-सपना वेद, हेमलता अजमेरा, राजेंद्र सुनीता संचेती, अनिल नेहा चेलावत सहित 150 सदस्य मौजूद रहे।

# बोहरा समाजजनों ने लगाया रक्तदान शिविर



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सैफी नगर अस्पताल में आवाज़ ग्रुप ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। एकत्रित रक्त का उपयोग थैलीसीमिया के मरीज़ों के लिए किया जाएगा। 180 कम्पोनेंट यूनिट खून रेड क्रॉस को दिया गया। मुस्तफा जावद वाला, किनाना सैफी, अरवा जावद वाला, सकीना मोइज़ अली ने पहली बार रक्तदान किया। कल्पना कौशल, मीनाक्षी पटेल, संतोष बघेल, प्रिया गायिकी, गौतम सांवले ने सेवा कार्य रक्त जांच और एकत्रिकरण में किया। रिज़वान खिलजी, मुस्तफा मालक, मुश्ताक अली बड़नगर वाला, डॉक्टर मोहम्मद अली, मुर्तजा सैफी, मज़हर भाई बंदूकवाला, मोइज़ अली, आदिल सईद, नावेद इरफान, शब्बीर हुसैन ने कैम्प में योगदान दिया। जगप्रीत टुटेजा जी का सम्मान भी किया गया।

# आरोग्य भारती की बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आरोग्य भारती द्वारिका जिला इंदौर महानगर की संगठनात्मक बैठक शीतल नगर स्कूल में हुई। कार्य योजना की समीक्षा की गई। आगामी योजना बनाई गई। पौधारोपण करने को लेकर भी चर्चा हुई। उक्त जानकारी डॉय आरएन मिश्रा ने दी।





# दामोदर वंशीय समाज के छात्रों को मिली कापियां

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री दामोदर सेवा मंडल द्वारा टेकचंद धर्मशाला दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के छात्रों को कापियों का वितरण किया गया। राजेश चौहान, नरेन्द्र बजाज, रमेश परमार, सुरेश परमार, ओमप्रकाश सारंग, ओमप्रकाश सोलंकी, महेश सोलंकी, शंकरलाल गोयल, हरिओम गोयल, गोपाल चौहान, संतोष चौहान, निलेश सोनगरा आदि उपस्थित थे।

# पद्मावती वेंकटेश मंदिर में आज रात राम हूरकट की भजन संध्या

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान बिजासन रोड पर झूला उत्सव चल रहा है। इसी कड़ी में आज श्रृंगारित जूला दर्शन के साथ आज शाम से रात तक राम हूरकट के भजनों की प्रस्तुति का लुत्फ भी श्रद्धालु लेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# शालिनी का गुरव समाज ने किया सम्मान



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गुरव समाज ने समाज की बेटी शालिनी-महेश शर्मा के मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पांचवीं रैंक हासिल करने पर सम्मान किया। माता का भी सम्मान हुआ। हेमंत मोराने, कैलाश सवनेर, महेश पांजरे, भूपेंद्र काले, राहुल गौरे, मनोज चोलकर, प्रभाकर सवनेर, राजेश सवनेर सहित अन्य उपस्थित रहे।



# गजेन्द्र मोक्ष स्वरूप में अलीजा सरकार ने दिए दर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर चतुर्थ श्रावण सोमवार अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। गजेन्द्र मोक्ष स्वरूप में हनुमानजी को सजाया गया। पवनानंद महाराज ने बताया कि मंदिर में सुबह से दर्शनार्थियों की कतार लगी हुई है।



# समूह गान प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारत विकास परिषद् अहिल्या नगरी शाखा द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता' का आयोजन माहेश्वरी स्कूल छत्रीबाग के जाजू सभागृह में किया गया। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। 16 विद्यालयों की टोली ने प्रस्तुतियां दीं। कैलाश खंडेलवाल, हरेराम वाजपेयी, प्रतिभा कानूनगो, रश्मि शर्मा, विभा भटोरे, संजय मेहता, बालकृष्ण मिश्रा, राधाकृष्ण भटोरे, धर्मेंद्र सेठिया, तृप्ति मिश्रा, देवेन्द्र बाहेती, राजेश भंडारी, सीमा अजय माहेश्वरी, गौरव माहेश्वरी, अजय शर्मा, स्वाति सूर्यवंशी की मौजूदगी में विजेता स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक रचना शर्मा, सारंग लासुरकर एवं कपिल पुराणिक थे।

# पाटनी के निधन के बाद नेत्रदान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिगम्बर जैन समाज और राजेंद्र नगर जैन मंदिर से जुड़े दीपक पाटनी ने बताया कि उनकी माता कमलादेवी पाटनी के निधन के बाद परिजनों ने एमके इंटरनेशनल आई बैंक में माताजी की आंखों का दान किया। अब माताजी की दो आंखों से दो व्यक्तियों को रोशनी आएगी। कमलादेवी के निधन के बाद दिगम्बर जैन समाजजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# दिगम्बर जैन युवाओं ने कराया भक्तामर पाठ



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल युवा महासभा के तत्वावधान में श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर संविद नगर तिलक नगर में संगीतमय भक्तामर पाठ का आयोजन किया। जिनवाणी माता को विराजित किया गया। होलास राय सोनी, आशा सोनी, संजय डोसी, शेखर छाबड़ा, मनीष जैन, पुष्पेंद्र जैन, शेलेन्द्र सोगानी, गौरव पाटोदी, मीतू जैन, श्रद्धा सेठी, विनी काला, मनीष पाटनी जैन, रोमिल सोनी, कपिल सेठी, शैलेष काला, अंकुर पटोदी, डॉ. अभिषेक सेठी, पुष्पेंद्र वेद, अतुल सोनी, कल्पेश गंगवाल, मनीष जैन मौजूद थे।

# भोजशाला मामला : सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ऐतिहासिक भोजशाला मामले में एक बार फिर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का कथित रूप से अक्षरशः पालन न किए जाने के विरोध में सकल हिंदू समाज ने कल 25 अगस्त मंगलवार को धार जिला दोपहर तक बंद रखने का बड़ा आह्वान किया है। संगठन का आरोप है कि प्रशासन न्यायालय के निर्देशों को उसकी मूल भावना के अनुरूप लागू करने में पूरी तरह विफल रहा है। हिंदू समाज बंद को सफल बनाने के लिए सकल हिंदू समाज के पदाधिकारी और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मुस्तैद हैं। तय रणनीति के अनुसार, 25 अगस्त को बंद के दौरान हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर जिला प्रशासन को एक सामूहिक ज्ञापन भी सौंपेंगे, जिसमें न्यायालय के आदेशों का

## 25 अगस्त मंगलवार को धार जिला दोपहर तक बंद का आह्वान

कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 15 मई 2026 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने अपने फैसले में विवादित परिसर को हिंदू मंदिर बताते हुए नियमित पूजा की अनुमति दी थी और वहां पूर्व से चली आ रही नमाज व्यवस्था को रोक दिया था,इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम व्यवस्था के तहत कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आदेश दिया था कि शुक्रवार की जुमे की नमाज मूल विवादित परिसर से दूर एक वैकल्पिक स्थान (खसरा नंबर 596) पर आयोजित की जाए, लेकिन जिला प्रशासन सर्वे नंबर 612 पर जुमे की नमाज अदा करा रहा है, इसी को लेकर हिन्दू समाज लामबंद है, साथ ही हिंदू समाज का आरोप है कि प्रशासन द्वारा चिन्हित की गई नमाज की जगह, श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्ग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुप्रीम कोर्ट के आदेश की मूल भावना के अनुरूप नहीं हैं। भोज उत्सव समिति, तमाम सकल हिन्दू समाज और अन्य संगठनों ने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर भोजशाला के 100 मीटर के संरक्षित क्षेत्र की स्पष्ट मार्किंग करने और खसरा नंबर 612 में नमाज की व्यवस्थाओं को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। संगठनों का कहना है कि नियमों की अनदेखी के कारण न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना हो रही है। पुलिस प्रशासन ने बंद के आह्वान और सांप्रदायिक सौहार्द के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे धार जिले में नजर बनाए रखे हुए हैं।

# एमजीएम डेंटल कॉलेज में नई बिल्डिंग निर्माण के बाद अब सुरक्षा बाउंड्रीवॉल का काम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आने वाले डेंटल चिकित्सा महाविद्यालय में पिछले साल नई बिल्डिंग निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब विभाग द्वारा बाहरी सुंदरता और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में जहां बाहरी परिसर के बड़े हिस्से में पार्किंग और मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास संपूर्ण बाहरी परिसर में आकर्षक नवीन डिजाइन वाले पेवर ब्लॉक लगाकर सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। वही अब बाहरी सुरक्षा बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाकर नवीनीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। यही नहीं इसके



अलावा परिसर में अन्य विकास कार्य भी किए जा रहे है। जबकि इससे पहले डेंटल कॉलेज परिसर में सीटें बढ़ने पर छात्रों की सुविधा के लिए करोड़ों रुपए खर्चकर दो साल पहले जी प्लस टू नवीन बिल्डिंग तैयार की गई थी। जहां अब डेंटल कॉलेज के साथ छात्रों की प्रैक्टिस और प्रैक्टिकल रिसर्च भी किए जा रहे है।

**दंत चिकित्सा महाविद्यालय में हो रहें बाहरी सजावटी कार्य-** जिसके अंतर्गत शिवाजी वाटिका चौराहे के पास से लेकर एमवाय हॉस्पिटल के गेट के सामने तक के बड़े हिस्से में डेंटल कॉलेज के बाहरी हिस्से की संपूर्ण सुरक्षा बाउंड्रीवॉल को तोड़कर पूरा नया बनाया जा रहा है। यही नहीं बाहर जहां जैसी जरूरत है उस हिसाब से पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के साथ अपने दांतों का इलाज करवाने आने वाले मरीजों को भी किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस बात का ध्यान रखते हुए प्रबंधन द्वारा बाहरी हिस्से में कीचड़ और धूल से मुक्ति के लिए ब्लॉक लगाने के साथ बाहर के हिस्से में नई सुरक्षा बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।

# दुकान के आगे दीवार रोजगार हुआ चौपट

### *शिवाजी मार्केट में मेट्रो रेल निर्माण के कारण खत्म हुआ व्यापार*

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के शिवाजी मार्केट में मेट्रो प्रोजेक्ट और कान्ह नदी रिवरफ्रंट योजना के तहत चल रही निर्माण गतिविधियों ने व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दुकानों के ठीक सामने करीब चार फीट ऊंची दीवारें खड़ी किए जाने से ग्राहकों का दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन और मेट्रो निर्माण कंपनियां उनकी परेशानी की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से काम कर रही हैं, जिससे वर्षों पुराना कारोबार प्रभावित हो रहा है।

व्यापारी दिनेश राठोर के मुताबिक मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़ी गतिविधियों के कारण दुकानों के सामने रास्ता बाधित हो गया है। दीवारें बनने के बाद ग्राहकों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है और कई दुकानों पर व्यापार ठप पड़ने की स्थिति है। व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक रास्ते और कारोबार प्रभावित होने की स्थिति का कोई समुचित इंतजाम नहीं किया गया।

इधर, कान्ह नदी के सौंदर्यीकरण और मेट्रो विस्तार के नाम पर शिवाजी मार्केट की करीब 120 से 126 पुरानी दुकानों को हटाने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन की ओर से प्रभावित व्यापारियों को नंदलालपुरा कॉम्प्लेक्स की ऊपरी मंजिलों पर शिफ्ट करने की योजना बताई जा रही है। हालांकि व्यापारी इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वर्षों से सड़क और बाजार स्तर पर चल रही दुकानों को ऊपरी मंजिल पर ले जाने से ग्राहक वहां नहीं पहुंचेंगे और उनका कारोबार पूरी तरह चौपट हो जाएगा। व्यापारियों ने स्पष्ट किया है कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उन्हें बिना उचित समझौते, पुनर्वास और पारदर्शी प्रक्रिया के जबरन विस्थापित न किया जाए। उनका कहना है कि यदि दुकानों को हटाना आवश्यक है तो शहर में ही बाजार की अनुकूल जगह पर ग्राउंड फ्लोर में उचित वैकल्पिक दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रह सके। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण और विस्थापन की कार्रवाई पर पुनर्विचार कर प्रभावित दुकानदारों से संवाद किया जाए और ऐसा समाधान निकाला जाए, जिसमें विकास के साथ उनका रोजगार भी सुरक्षित रहे। वहीं इस मामले में नगर निगम द्वारा विस्थापन की प्रक्रिया की जा रही है लेकिन नगर निगम ने जिन किराएदारों को दुकान किराए पर दी थी उन्होंने दुकान अन्य लोगों को बेच दी है और असली मालिक सामने नहीं आ रहे हैं ऐसी स्थिति में नगर निगम उन लोगों को दुकानें आवंटित नहीं करना चाहता जिनके पास वैधानिक अधिकार नहीं है इसी उलझन के चलते मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

# शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 में स्थित उषागंज छावनी क्षेत्र में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में दूसरे चरण में निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा छात्रों की सुविधा के लिए अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य अब दुगनी तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसके तहत पार्किंग के हिस्से में सालों पुराने जर्जर क्लासरूम को तोड़कर उनकी जगह नए अतिरिक्त आधुनिक सुविधाओं वाले स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है।

**200 साल से ज्यादा पुराने स्कूल में लगभग दो साल तक ठप रहा निर्माण कार्य-** गौरतलब है कि अंग्रेजों के जमाने के करीब 200 साल से ज्यादा पुराने छावनी क्षेत्र के सबसे पुराने ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पहचाने जाने वाले सालों पुराने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निगम द्वारा करीब 3 साल पहले स्कूल के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए करीब 4 करोड़ से ज्यादा की लागत से नवीनीकरण की योजना बनाकर काम शुरू करवाया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा बीच में आधा अधूरा काम छोड़ लंबे समय तक यहां का काम बंद कर दिया था। जिसके बाद करीब डेढ़ दो साल से ज्यादा समय तक काम बंद रहा। इसको लेकर सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट ने लगातार जनहित में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर कई बार बंद काम को लेकर समाचार प्रकाशित किए थे। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और निगम अधिकारियों ने सालों पुराने विद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर मामले में संज्ञान लिया और लंबे समय से बंद काम को दोबारा शुरू करवाया गया।



**आधा दर्जन नए नवीन स्मार्ट क्लास रूम तैयार, दूसरे चरण में निर्माण जारी-** इसके बाद पिछले दिनों यहां पहले चरण के अंतर्गत करीब आधा दर्जन स्मार्ट क्लासरूम बनकर तैयार किए गए। यही नहीं इसमें छात्रों की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। इसके अलावा निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा अब दूसरे चरण में विद्यालय भवन के पार्किंग के हिस्से में खाली जगह पर कुछ नए क्लासरूम बनाने का काम भी शुरू कर दिया था, जो कि इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है और कुछ नए क्लासरूम और नए हॉल पर छत डालने के कार्य पूरा कर अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा है जो दूर से नजर भी आ रहा है। वही बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द इसी साल तीन से चार नए क्लास रूम और बनकर तैयार हो जाएंगे, जिससे छात्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

# हिम्मतनगर में अब दिखने लगा नई सड़क का काम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राऊ विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 75 से जुड़े हिम्मतनगर क्षेत्र में पालदा नाका से लगी कॉलोनी में भीतर राधा स्वामी सत्संग न्यास के पीछे वाले हिस्से में क्षेत्र के रहवासियों को अगले एक से डेढ़ माह में बेहद जल्द नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों यहां खुदाई के बाद अब नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य भी तेजी के साथ किया जा रहा है।

## रहवासी बोले विधायक के प्रयासों से मिली सड़क की सौगात

हिम्मतनगर कॉलोनी क्षेत्र के रहवासी जगराम मीणा, अजय सिंह, विक्की कौशल, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र मौर्य, जितेंद्र मीणा, दिलीप यादव ने बताया लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी क्षेत्रीय पार्षद से यहां सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। लेकिन क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं देने से क्षेत्र के रह वासियों ने विधायक मधु वर्मा से मिलकर उन्हें क्षेत्र की ऊबड़-खाबड़ आधी-अधूरी सड़क की स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद विधायक मधु वर्मा द्वारा लगातार प्रयास कर निगम से हिम्मतनगर क्षेत्र के उक्त सड़क की मंजूरी करवाई वहीं रहवासी जगराम मीणा ने बताया पूर्व पार्षद बसंत पारगी और विधायक मधु वर्मा के लगातार सहयोग से अब हिम्मतनगर क्षेत्र में नई सड़क निर्माण के शुभ घड़ी आई है। यही नहीं आधे से ज्यादा हिस्से में सड़क निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। वही बताया जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ माह में बेहद जल्द उक्त सड़क का निर्माण कार्य जल्दी पूरा हो जाएगा। जिससे यहां से आने जाने वाले सैकड़ों रहवासी परिवारों की राह आसान होगी।

**राधा स्वामी के पिछले गेट से भीतर तक हो रहा सड़क निर्माण**

## संपादकीय

# कागजों पर 'असुरक्षित' जमीन पर बेपरवाही: करोल बाग हादसे ने खोली व्यवस्था की पोल

जर्जर इमारतें सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण हादसों का सबब बन रही हैं। करोल बाग हादसा प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। असुरक्षित मकानों को तुरंत खाली कराकर सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी एवं जर्जर इमारतें आम लोगों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। कई बार स्थानीय प्रशासन की ओर से ऐसी इमारतों को 'असुरक्षित' तो घोषित कर दिया जाता है, लेकिन उन्हें खाली कराने में कोई तत्परता या गंभीरता नजर नहीं आती है। यही नहीं, कई दफा जर्जर भवन को मालिक खुद ही गिरा देते हैं, लेकिन इस कार्य में सुरक्षा के माकूल प्रबंधों का अभाव भी हादसे का कारण बन जाता है। ऐसी ही एक घटना बीते शुक्रवार को दिल्ली के करोल बाग इलाके में हुई, जब पुरानी दो मंजिला इमारत के ध्वस्तीकरण के दौरान एक श्रमिक की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, इस इमारत को गिराने के लिए सरकार के संबंधित महकमे से अनुमति नहीं ली गई थी। ऐसे में सवाल है कि अगर नियमों और सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जाती है, तो क्या इसके लिए विभागीय अधिकारियों की भी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? गौरतलब है कि पुराने खस्ताहाल मकान हर साल खासकर बरसात के मौसम में लोगों की जान के लिए खतरा बन जाते हैं। यह समस्या खास तौर पर उन शहरों में ज्यादा गंभीर है, जहां घनी आबादी और पुरानी बस्तियां हैं। देश भर में जर्जर इमारतों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी दस्तावेज में असुरक्षित घोषित करने की व्यवस्था पहले से मौजूद है। मगर स्थानीय प्रशासन का इस ओर ध्यान कम ही जाता है। जिन पुराने भवनों को असुरक्षित घोषित किया जाता है, उन्हें खाली कराने, गिराने या पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी वर्षों तक अटकी रहती है। यह विभागीय लापरवाही का ही नतीजा होता है कि ऐसी इमारतें कई बार हादसों का कारण बन जाती हैं। सवाल यह भी है कि करोल बाग इलाके में इमारत का ध्वस्तीकरण विभागीय अनुमति के बिना कैसे हो रहा था? जर्जर भवनों की पहचान करना और उन्हें गिराने के कार्य की निगरानी करना किसकी जिम्मेदारी है? कायदे से असुरक्षित इमारतों का नियमित वैज्ञानिक सर्वेक्षण होना चाहिए और उनकी श्रेणीबद्ध सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए। साथ ही उन्हें खाली कराने और गिराने के लिए स्पष्ट नीति एवं योजना का होना भी जरूरी है। प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों के प्रति पुलिस का जो रवैया देखा गया, उसकी वजह से उस पर काफी सवाल उठे।

# 10 रुपये नहीं देने पर छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू मारे

### बीच-बचाव करने आई मां पर भी ईंट से हमला

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में 10 रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में एक छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई मां पर भी आरोपी ने ईंट से वार कर दिया, जिससे मां और बेटा दोनों घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना खंडवा रोड पर अशोक राज होटल के पास की है। फरियादी राज पिता घनश्याम करोले निवासी नई बस्ती निरंजनपुर, हाल मुकाम खंडवा रोड की रिपोर्ट पर आरोपी छोटे भाई आर्यन पिता घनश्याम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी राज ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई आर्यन ने उससे 10 रुपये मांगे तो उसने पैसे नहीं होने की बात कही, तो आरोपी गुस्सा हो गया और गाली-गलौज करने लगा। कहा-सुनी बढ़ने पर आरोपी आर्यन घर के अंदर से चाकू उठाकर लाया और राज की गर्दन व हाथ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। शोर सुनकर जब उनकी मां पिंकी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपी ने उन पर भी ईंट से हमला कर दिया। इस हमले में मां को भी चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 157000 | 163101 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 239900 | 245200 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के दो प्रकरण दर्ज

### एक आरोपी ने युवती को दी जातिसूचक गालियां

**इंदौर।** गांधी नगर और विजयनगर थाना क्षेत्रों में युवतियों को शादी का झांसा देकर उनका शारीरिक शोषण करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़िताएं 23 वर्ष की हैं। आरोपियों ने पहले शादी का झांसा देकर संबंध बनाए और बाद में विवाह करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती ने भोपाल निवासी आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी निखिल राठौर निवासी प्रीत नगर कॉलोनी, भोपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी निखिल ने उसे शादी का झांसा दिया और लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और विवाह करने से इनकार कर दिया। वहीं दूसरा मामला विजयनगर थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां की 23 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रविशंकर निवासी कैलाश कुटी, तलावली चांदाके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रविशंकर ने भी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी ने न केवल विवाह करने से साफ मना कर दिया, बल्कि पीड़िता को जातिसूचक शब्द कहते हुए अपमानित भी किया।

# स्कूटर की डिक्की तोड़कर 1.60 लाख रुपये और लाइसेंस चोरी, केस दर्ज

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के लोटस पार्क में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। एक अज्ञात बदमाश ने पार्क के पास खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिक्की तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 60 हजार रुपये नगद और महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कैलाश पिता रामप्रसाद साहू (66)निवासी लोटस पार्क ने बाणगंगा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी आईक्यूब स्कूटर पार्क के पास खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर स्कूटर की डिक्की का लॉक तोड़ दिया। डिक्की के अंदर रखे 1,60,000 रुपये नगद, फरियादी और उनके बेटे विजेंद्र साहू के ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य सामान चोर चुराकर रफूचक्कर हो गया। जब फरियादी गाड़ी के पास पहुंचे तो डिक्की टूटी हुई मिली और उसमें रखे पैसे व दस्तावेज गायब थे। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बाणगंगा थाना पुलिस ने फरियादी कैलाश साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी का सुराग जुटाया जा सके।

# पत्नी के अस्पताल में होने का झांसा देकर 40 हजार की साइबर ठगी

### फर्जी मैसेज और बारकोड भेजकर लगाया चूना

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक नया और अनोखा मामला सामने आया है। शातिर जालसाज ने एक व्यक्ति को बैंक खाते में रुपये जमा होने का फर्जी मैसेज भेजा और फिर पत्नी के अस्पताल में भर्ती होने का मनगढंत बहाना बनाकर 39,999 रुपये ऐंठ लिए। खाते की जांच करने पर जब कोई राशि प्राप्त नहीं हुई, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मनु पिता हरिप्रसाद यादव निवासी ग्राम भांग्या ने साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात साइबर ठग ने उसके मोबाइल पर खाते में 40,000 रुपये जमा होने का एक झूठा मैसेज भेजा। इसके तुरंत बाद आरोपी ने फरियादी को फोन किया और झांसा दिया कि गलती से पैसे उसके खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। ठग ने खुद को विपत्ति में बताते हुए कहा कि उसकी पत्नी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है और उसे रुपयों की तत्काल आवश्यकता है। झांसे में आकर फरियादी ने रुपये लौटाने पर सहमति जताई। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सऐप पर आठ अलग-अलग बैंक खातों के बारकोड भेजे, जिन पर फरियादी ने भरोसा करते हुए कुल 39,999 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब फरियादी ने अपने मुख्य बैंक खाते का बैलेंस चेक किया, तो उसमें कोई राशि जमा ही नहीं हुई थी। साइबर ठगी का शिकार होने पर पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। बाणगंगा थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और संबंधित बैंक खातों व मोबाइल नंबरों के आधार पर जांच की जा रही है।

# अवैध गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लसूडिया थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 1.394 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी मारपीट और एनडीपीएस एक्ट जैसे आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

लसूडिया पुलिस की टीम क्षेत्र में सतत भ्रमण कर मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में मुखबिरों से सूचना संकलित कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मंगलम गार्डन के सामने केलोद हाला रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में अवैध गांजे की सप्लाई करने की नीयत से खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी रोहित चौहान निवासी श्रीनाथ टाउनशिप, ग्राम ढाबली को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1.394 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी कुल बाजार कीमत लगभग 14,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना लसूडिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि उससे जब्तशुदा गांजे के मुख्य स्त्रोत और इस तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की जा सके।

# बायपास पर मोबाइल लूट, पैसेंजर ऑटो और बाइक सवार 4 बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास पर बेखौफ बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नायता मुंडला ब्रिज के पास सर्विस रोड से गुजर रहे एक बाइक सवार युवक को ऑटो और बाइक सवार चार अज्ञात बदमाशों ने घेरकर लूट लिया। बदमाश पीड़ित का मोबाइल फोन छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सतवास, जिला देवास निवासी फरियादी रोहित पिता दौलत राम चौहान ने तेजाजी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपनी बाइक से बायपास के नायता मुंडला ब्रिज के पास सर्विस रोड से गुजर रहा था, तभी दो अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर चार बदमाश आए।गैंग के दो सदस्यों ने हरे रंग के पैसेंजर ऑटो को अचानक रोहित की बाइक के आगे लाकर अड़ा दिया, जिससे उसे मजबूरन गाड़ी रोकनी पड़ी। इसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल नंबर आरजे-17 एसएल-9379 पर आए दो अन्य बदमाशों ने झपट्टा मारकर रोहित का मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने फरियादी को जान से मारने की धमकी दी और वारदात को अंजाम देकर रालामंडल स्थित डी-मार्ट की तरफ भाग निकले। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक और बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बाइक नंबर और बदमाशों के हुलिए के आधार पर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ‘डोंट बिलीव द डेयरी टेल’ का मंचन




## नुक्कड़ नाटक से दूध का सच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युवा कार्यकर्ताओं ने 56 दुकान पर विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। यह प्रदर्शन देश के 10 शहरों में चलाए जा रहे एक व्यापक अभियान का हिस्सा था। ‘हर सफेद दिखने वाली चीज़ सफेद तो होती है, पर उसके पीछे छुपा है कोई अनसुना सच। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए अनोखे गेम शो अंदाज़ में प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को झकझोर दिया। इंदौर एनिमल लिबरेशन और वन जस्ट वर्ल्ड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 15 कलाकारों ने ‘डोंट बिलीव द डेयरी टेल दूध का सच’ का मंचन किया। लगभग 10 मिनट की इस प्रस्तुति ने डेयरी उद्योग से जुड़ी आम धारणाओं को चुनौती दी और लोगों को गायों तथा भैंसों के साथ होने वाले व्यवहार पर गहराई से सोचने के लिए प्रेरित किया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने इस सच को जाना और करुणा का साथ देने का संकल्प लिया। यह नाटक मशहूर शो होस्ट अमिताभ बच्चन और प्रतियोगी सिद्धार्थ शर्मा के बीच हुई उस वायरल बातचीत से प्रेरित है, जिसने सोशल मीडिया पर 200 करोड़ से अधिक बार देखे जाने के बाद भारत के डेयरी क्षेत्र की सच्चाइयों पर व्यापक चर्चा छेड़ दी थी। इस बातचीत में दूध के प्राकृतिक अधिकार और बछड़े के साथ उसके संबंध पर उठाए गए सवालों ने लाखों लोगों को डेयरी प्रथा पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजकों दुर्गा बलानी, सुरेश व्यास और अजय ने कहा, ‘इस क्लिप पर लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि भारत के कई युवा डेयरी उद्योग से जुड़ी पुरानी धारणाओं पर फिर से विचार कर रहे हैं। हमारा नुक्कड़ नाटक इसी जरूरी बातचीत को सार्वजनिक मंच तक लाने का एक प्रयास है।

# 25 करोड़ यूनिट बिजली वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर शहर वृत्त अंतर्गत अगस्त में अब तक करीब 25 करोड़ यूनिट बिजली वितरण किया गया है। अगस्त के बीते तीन सप्ताह में इंदौर शहर की अधिकतम बिजली मांग 520 मैगावाट दर्ज की गई। वहीं एक दिन में अधिकतम बिजली आपूर्ति 1करोड़ 16 लाख यूनिट रही।

# बिजली उपभोक्ता अनजान लिंक मैसेज को पूरी तरह नजरंदाज करें

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अधिकृत संदेश पर ही ध्यान देने व अनजान मोबाइल नंबर से आए संदेशों, फाइल, वाट्सएप फाइल को लेकर अत्यंत सावधानी रखने की अपील की हैं। कंपनी ने कहा कि कंपनी वाट्सएपर बिल किसी नंबर की बजाए स्र्ज्ज्न्न्म्त ग्ह्दी नाम से और अधिकृत एसएमएस स्र्जैं-ए नाम से भेजती हैं, इसी तरह के मैसेज पर ध्यान दिया जाए। अन्य नंबरों से आए मैसेज, वाट्सएप व एपीके फाइल को पूरी तरह फर्जी मानकर नजरंदाज किया जाए। फर्जी संदेश, लिंक, एपीके फाइल से आपका मोबाइल तुरंत हैक हो जाएगा, मोबाइल की कमांड फर्जी व्यक्तियों के पास तुरंत पहुंच जाएगी, व आपका बैंक बैलेंस, डाटा चुरा लिया जाएगा। कंपनी ने सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से सतर्क रहने का विनम्र निवेदन किया हैं। कंपनी ने कहा कि आप अपने बिजली बिल जोन, वितरण केंद्र, पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, भारत पे, कंपनी वेबसाइट स्र्जैं.म्द.ग्ह, उर्जस एप के माध्यम से जमा कर सकते हैं। किसी नंबर विशेष पर कभी भी भुगतान नहीं किया जाए।

# बैंक में नौकरी का झांसा देकर युवती से 87 हजार की साइबर ठगी

## फर्जी रोजगार पोर्टल से बिछाया जाल

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक युवती को बैंक में नौकरी दिलवाने का चकमा देकर 87 हजार रुपये की चपत लगा दी। शातिर ठगों ने खुद को फर्जी रोजगार एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर पीड़िता को अपने जाल में फंसाया और खाते से पैसे ऐंठने के बाद अपने फोन बंद कर लिए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार, फरियादी सानिया गुप्ता ने बीते 11 अगस्त को भारतीय रोजगार संस्था नाम की वेबसाइट पर बैंक की नौकरी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के कुछ समय बाद उसके पास एक महिला का फोन आया, जिसने पोस्ट ऑफिस, रेलवे और बैंक में जगह खाली होने की बात कहते हुए डिटेल वेरिफाई की। इसके बाद आरोपी महिला ने वरिष्ठ अधिकारी से बात कराने का झांसा दिया।दो दिन बाद एक अन्य आरोपी ने सानिया को कॉल किया और खुद को उसी संस्था का सीनियर अफसर बताते हुए भर्ती की प्रक्रिया समझाना शुरू किया। 17 अगस्त को आरोपियों ने युवती के व्हाट्सएप पर अलग-अलग क्यूआर कोड भेजे और प्रोसेसिंग फीस व अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर लगभग 18 हजार रुपये जमा करा लिए। इसी तरह झांसे में लेकर ठगों ने कुल 87 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। जब पीड़िता को गड़बड़ी का अहसास हुआ और उसने पूछताछ की, तो आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। मल्हारगंज पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और साइबर डेस्क की मदद से आरोपियों के नंबरों व बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है।

# एआई से बनाई अश्लील तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर पैसों के लिए किया ब्लैकमेल

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में एआई तकनीक का दुरुपयोग कर एक युवती को ब्लैकमेल करने और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किसी अज्ञात जालसाज ने पीड़िता के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उससे रुपयों की मांग की। बात न मानने पर आरोपी ने एआई और फोटो एडिटिंग के जरिए युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से केस दर्ज कर लिया है। बेटमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवती ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि अज्ञात आरोपी ने उसके नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट तैयार किया। इसके बाद आरोपी उस पर पैसों का दबाव बनाने लगा। जब पीड़िता ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया, तो आरोपी ने एआई/एडिटिंग टूल की मदद से उसकी करीब 6 आपत्तिजनक तस्वीरें बनाई और उन्हें फर्जी इंस्टाग्राम आईडी की स्टोरी पर पोस्ट कर दिया।शिकायत मिलते ही मामले को तुरंत साइबर सेल के सुपुर्द किया गया। साइबर सेल ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा से फर्जी आईडी के संबंध में तकनीकी जानकारी हासिल की। जांच में सामने आया कि यह विवादित इंस्टाग्राम आईडी 16 जून 2026 को मोबाइल नंबर ग्91-9685137002 के जरिए बनाई गई थी। साइबर रिपोर्ट और पीड़िता के बयानों के आधार पर बेटमा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उक्त मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर उसकी धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

**मेटा से मिली साइबर रिपोर्ट के आधार पर पुलिस की कार्रवाई,पीड़िता की शिकायत पर आरोपी की तलाश शुरू**

# पेट्रोल पंप में पार्टनरशिप का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पारिवारिक संबंधों का फायदा उठाकर और विश्वास में लेकर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को दो अलग-अलग पेट्रोल पंप स्थापित करवाने और उनमें पार्टनरशिप देने का झांसा देकर विभिन्न माध्यमों से बड़ी रकम हड़प ली। पीड़िता की शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी पूजा दुबे और उसके पति सावन दुबे निवासी श्रीजी हाइट्स, श्रीजी वैली कॉलोनी, बिचौली मर्दाना के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के साथ उनके पुराने पारिवारिक संबंध थे। इसी घनिष्ठता और विश्वास का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने उन्हें ग्राम सगवाल स्थित मां आशापुर फ्यूल्स और हाटपिपल्या स्थित मां अंबे फ्यूल्स।नाम से नए पेट्रोल पंप स्थापित करवाने का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी देने का वादा किया और कागजी कार्रवाई व सेटअप के नाम पर समय-समय पर पीड़ितों से आरटीजीएस, ऑनलाइन ट्रांसफर और नगद माध्यमों से भारी राशि ऐंठ ली। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी पेट्रोल पंप से जुड़ा कोई काम नहीं हुआ और न ही पार्टनरशिप दी गई, तब पीड़ितों को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इसके बाद फरियादी ने द्वारकापुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# चाकू लहराकर अड़ीबाजी और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने थाने में लगवाई उठक-बैठक





**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के चंदूवाला रोड पर शनिवार रात नशे में धुत एक बदमाश ने हाथ में खुलेआम धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराया-धमकाया और महिलाओं के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ की। स्थानीय नागरिकों द्वारा बदमाश की इस गुंडागर्दी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो सामने आते ही चंदन नगर थाना पुलिस ने देर रात तत्काल दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और थाने लाकर उसकी सख्त क्लास लेते हुए परिसर में कड़ाई से उठक-बैठक लगवाई।

पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र का लिस्टेड बदमाश जबीर उर्फ कल्लू पिता शाकिर है। शनिवार रात आरोपी अपने साथियों के साथ नशे में धुत होकर सड़क पर उतर आया और हाथ में चाकू लेकर राहगीरों से अड़ीबाजी, अवैध वसूली तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान उसने वहां से गुजर रही महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ और बदसलूकी की। घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और घेराबंदी कर आरोपी जबीर को उसके ठिकाने से कस्टडी में ले लिया। थाने लाते ही पुलिस ने आरोपी का सारा नशा हिरन कर दिया और परिसर में ही उससे कान पकड़वाकर उठक-बैठक लगवाई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी जबीर उर्फ कल्लू के खिलाफ पूर्व से ही आधा दर्जन से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट, अवैध वसूली, धमकी और छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। चदन नगर पुलिस ने फरियादी मुस्तफा शाह निवासी गोसिया मस्जिद की शिकायत पर आरोपी जाबिर उर्फ कल्लू के खिलाफ अडीबाजी का प्रकरण भी दर्ज किया है। फरियादी जब घर जा रहा था तभी शराब पीने के लिए आरोपी ने 1 हजार रुपये मांगे और नहीं देने पर मारपीट करने के बाद चाकू दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# घर में अकेली युवती ने लगाई फांसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के मोरोद में रहने वाली निकिता पिता शिवनारायण मालवीय ने अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी है। निकिता घर में अकेली थी। पिता शिवनारायण हम्माली करने गए हुए थे, वहीं निकिता की माता भी होस्टल में काम करने गई हुई थी। बड़ी बहन मुस्कान जब बाजार से लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा खुला है अंदर गई तो निकिता पंखे से झूलती हुई मिली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टीम इंडिया को लगा छठा झटका, डेब्यूटेंट सारांश जैन आउट

**कोलोंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है । आज इस मुकाबले का दूसरा दिन है । पहली पारी में बैटिंग कर रहे भारत के 6 विकेट गिरे चुके है । ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल क्रीज पर हैं । सामाचार लिखे जाने तक भारत ने 93 ओवर में 6 विकेट पर 331 रन बना लिए थे। इस टेस्ट मैच के जरिए इंदौर के 33 वर्षीय ऑफ-स्पिनर सारांश जैन ने भारत के लिए टेस्ट डेब्यू, लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए । सारांश 6 रन के निजी योग पर असिथा फर्नांडो की गेंद पर कामिल मिशारा के हाथों झेल लिए गए ।

# आज सारांश पर रहेगी निगाहें, बल्लेबाजी में भी करते हैं कमाल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश और इंदौर के ऑलराउंडर सारांश जैन ने 33 साल की उम्र में भारतीय टेस्ट टीम में डेब्यू कर क्रिकेट जगत में अपनी मेहनत का लोहा मनवा दिया है । श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले जा रहे सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में सारांश को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। बीमार चल रहे कुलदीप यादव की जगह टीम में आए सारांश को दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने डेब्यू कैप सौंपी। आज सारांश पर सबकी निगाहे होंगी वे कल 4 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे, आज उनसे बड़ी पारी की उम्मीद होगी। यदि वे अच्छी बल्लेबाजी करते है तो टीम में अपना स्थान पक्का करने की बड़ी पहल होगी ।

रविवार को उनके डेब्यू की खबर मिलते ही इंदौर के खेल प्रेमियों, होलकर स्टेडियम और स्थानीय क्लबों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके साथ खेले कई क्रिकेटर और वर्तमान के साथियों ने खुशी जताई। वहीं एमपीसीए के पदाधिकारियों ने भी सारांश को बधाई दी। शहर में क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर इस खास उपलब्धि का जश्न मनाया। सारांश के पिता सुबोध जैन भी रणजी क्रिकेटर रहे है और उन्हें कैंसर होने पर भी सारांश को खेलते रहने की सलाह दी थी, जिसका परिणाम है कि आज सारांश 33 साल की उम्र में भी टेस्ट डेब्यू कर पा रहे है ।



**मेहनत और संघर्ष से तय किया सफर-** घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले सारांश जैन का यह चयन बरसों के कड़े परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और भारत-ए के दौरों पर गेंद और बल्ले दोनों से लगातार मैच जिताऊ प्रदर्शन किया है।

सारांश जैन ऑलराउंडर हैं। वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं । 54 फर्स्ट क्लास मैचों में उन्होंने 31.75 की औसत से 2223 रन बनाए और 188 विकेट चटकाए। सारांश अश्विन को अपना आइडल मानते हैं।

### इंदौर के दो खिलाड़ी एशियन गेम्स में दिखाएंगे दम

# प्रदुमन सिंह राठौड़ और शिखा चौहान का भारतीय दल में चयन

**इंदौर।** शहर के लिए यह गौरव का क्षण है कि प्रदुमन सिंह राठौड़ और शिखा चौहान ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर एशियन गेम्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए भारत के 492 खिलाड़ियों को 35 खेलों में भागीदारी की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें कायाकिंग और केनोइंग के खिलाड़ी भी शामिल हैं।

कैनो सलालम बेहद तकनीकी, चुनौतीपूर्ण और रोमांचक खेल है। इस वर्ग में भारत की ओर से केवल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें इंदौर के युवा खिलाड़ी प्रदुमन सिंह राठौड़ भी शामिल हैं।

कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर प्रदुमन ने न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। वे कैनो सलालम में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल हैं।





**तरण पुष्कर से शुरू हुआ सफर-** प्रदुमन सिंह राठौड़ और शिखा चौहान ने इंदौर में लक्ष्मण सिंह चौहान के नाम पर स्थित तरण पुष्कर में अभ्यास करते हुए अपने खेल की बुनियाद मजबूत की। स्थानीय स्तर से शुरू हुआ यह सफर आज एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच चुका है। प्रदुमन वर्तमान में जर्मनी के ऑग्सबर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ऑग्सबर्ग कैनो सलालम के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है। वहां वे पूर्व ओलंपिक चैंपियन के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। प्रदुमन की इस उपलब्धि के पीछे उनके भारतीय प्रशिक्षक भोपाल के कुलदीप कीर की वर्षों की अथक मेहनत और निरंतर प्रयासों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# सृष्टि का कुश्ती में स्वर्णिम दांव



**इंदौर।** हातोद क्षेत्र के भगवती कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, हातोद की कक्षा 8वीं की छात्रा सृष्टि सिसोदिया ने खण्डवा में आयोजित SGFI (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) स्कूल संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इससे पहले इंदौर में आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के कई दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहाँ भी सृष्टि ने स्वर्ण जीता था और अब संभाग में फिर एक बार यही दोहराया है। सृष्टि ने शुरुआती दौर से ही अपने विरोधियों पर बढ़त बनाए रखी और फाइनल मुकाबले में भी एकतरफा प्रदर्शन करते हुए विरोधी पहलवान को पटखनी दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सृष्टि का यह प्रदर्शन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे हातोद क्षेत्र और स्कूल के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

संभाग स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही सृष्टि का चयन अब राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हो गया है। राज्य स्तर के बाद उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर रहेगा। भगवती कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता, पुलक गुप्ता प्रिंसिपल, उपप्राचार्य कीर्ति राठौर, कोच विकास केशवल, शुभम चौहान वो शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## व्हीलचेयर फेंसिंग प्रतियोगिता में डावर और अली को खिताब

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पब्लिक स्कूल एवं इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा तिलक नगर में व्हीलचेयर फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को फेंसिंग जैसे खेलों से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने का रहा। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फॉइल इवेंट में दिलीप डावर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेबर इवेंट में अमजद अली विजेता बने। इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव मास्टर



सईद आलम ने कहा कि व्हीलचेयर फेंसिंग केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। विकास शर्मा, मनीष आर्य, गोविंद जोशी, अनफाल अंसारी, शादाब अहमद एवं विशाल कुशवाह ने खिलाडियों को बधाई दी।

## नागर ब्राह्मण समाज के युवाओं ने किया पिकलबॉल आयोजन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नागर ब्राह्मण युवा परिषद द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने और आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से पिकलबॉल आयोजन किया गया। स्कीम नंबर 78 स्थित एलीट पिकलबॉल क्लब में शाम 5 से 8 बजे तक चले इस आयोजन में करीब 35 से 40 युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों का स्वागत भी किया गया।

## इमरान खान के लिए गावस्कर और कपिल देव सहित 21 पूर्व क्रिकेटरों ने लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** भारत के सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित दुनिया भर के 21 पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शेहबाज शरीफ को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए उनके उचित चिकित्सा उपचार और वेलफेयर की अपील की है। कप्तानों ने स्पष्ट किया कि वे किसी राजनीतिक वजह से नहीं, बल्कि खेल के मैदान पर बने पुराने साथी के नाते यह गुहार लगा रहे हैं।

### भारतीय टीम का चैंपियन बनने का सपना टूटा

# महिला हॉकी विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ पर रोका

**अम्स्टेलवीन ।** विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम के खिताब जीतने का सपना टूट गया है। टीम ने दूसरे राउंड में अपना आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला। यह मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। दोनों टीमों ने पूरे मैच में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन चार क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के ही 2-2 पॉइंट ही रहे। दोनों टीमों का गोल अंतर भी बराबर था लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारत के मुकाबले एक गोल ज्यादा मारा था और इसी वजह से टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई।

वागेनर हॉकी स्टेडियम खेले गए इस मैच में स्कोरलाइन 0-0 रहने के बावजूद



ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान पेनाल्टी कॉर्नर्स हासिल किए, जबकि भारत की ओर से लगातार दबाव बनाने की कोशिश की गई। भारत की बलजीत कौर को सातवें मिनट में ग्रीन कार्ड मिला, जबकि ऑस्ट्रेलिया की स्टीवर्ट टैटम को 11वें मिनट में ग्रीन कार्ड दिखाया गया। इस मुकाबले में कुल 9 पेनाल्टी कॉर्नर देखने को मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इन मौकों को गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। भारतीय महिला हॉकी टीम पूल-ई में तीन मुकाबलों में 2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस पूल में पहले नंबर पर रहकर नीदरलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने 3 में से 2 मैच अपने नाम करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले राउंड में चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलते हुए अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद उसने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत हासिल की और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला।

इसके बाद पूल-ई में भारत को नीदरलैंड के खिलाड़ी मैच 0-2 से गंवाया, जिसके बाद उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-0 से ड्रॉ खेलकर खिताबी रेस से बाहर होना पड़ा है। भारतीय महिला हॉकी टीम अब पांचवें/छठे स्थान का मुकाबला खेलेगी। महिला हॉकी विश्व कप पहली बार 1974 में खेला गया था।

### कॉरपोरेशन एरिया एथलेटिक्स एसो. का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** जबलपुर में आयोजित 62वीं मध्य प्रदेश स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में इंदौर कॉरपोरेशन एरिया एथलेटिक्स एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इंदौर कॉरपोरेशन एरिया एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र वर्मा ने बताया कि अंडर-14 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सानवी सिंह ने 13.87 सेकंड के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

# नेमावर रोड पर बाइक सवार से मारपीट और लूटपाट,सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल, जांच में जुटी पुलिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



नेमावर रोड स्थित प्रभु तौल कांटे के पास एक बाइक सवार युवक को रोककर मारपीट और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। रात के समय हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई है और वायरल क्लिप के आधार पर मामले की पड़ताल में जुट गई है।

वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि यह घटना रात करीब 9:30 बजे नेमावर रोड पर प्रभु तौल कांटे के पास घटित हुई। रास्ते से गुजर रहे एक बाइक सवार युवक को स्कूटर पर आए तीन अज्ञात बदमाशों ने अचानक घेर लिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि हेलमेट पहने बाइक सवार युवक को आरोपी झूमाझटकी और मारपीट करते हुए एक तरफ ले जा रहे हैं और उससे लूटपाट कर रहे हैं। हालांकि, इस घटना को लेकर अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि या फरियादी द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद तेजाजी नगर थाना पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और बदमाशों के साथ-साथ पीड़ित युवक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# 1 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ मंदसौर का छात्र गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने पोलो ग्राउंड स्थित माल गोदाम के पास से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.01 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की है। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़ा गया आरोपी मंदसौर का रहने वाला है और बीए अंतिम वर्ष का छात्र है।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम गश्त और पतारसी के दौरान एमआर-4 पोलोग्राउंड होते हुए पावर हाउस के पीछे माल गोदाम के पास पहुंची थी। इसी दौरान वहां खड़ा एक संदेही पुलिस का शासकीय वाहन देखते ही भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे रोक लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रविन्द्र सिंह चौहान निवासी थाना नारायणगढ़, जिला मंदसौर बताया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी पीठ पर टंगे काले रंग के पिट्ठू बैग की आगे वाली ज़िप से पारदर्शी पन्नी में रखी एमडी ड्रग्स बरामद हुई। तौल करने पर ड्रग्स का कुल वजन 10.01 ग्राम पाया गया। आरोपी के पास उक्त मादक पदार्थ को रखने, खरीदने या परिवहन करने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं मिला। इसके बाद क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी पढ़ाई की आड़ में ड्रग्स सप्लाई के काले कारोबार से जुड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों और मादक पदार्थ के मुख्य स्त्रोत का पता लगाया जा सके।

# होटल के कमरे में युवती के साथ दो युवक पकड़ाए

## नशा करवाने और अश्लील फोटो-वीडियो का आरोप, हिंदू संगठन ने किया हंगामा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कीम नंबर 114 पार्ट-1 स्थित होटल सिल्वर पैलेस में बीती रात हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा कर दिया। कार्यकर्ताओं ने होटल के एक कमरे में एक युवती के साथ दो संदिग्ध युवकों को रंगे हाथों पकड़ा। आरोप है कि दोनों युवक युवती को मादक पदार्थ पिलाकर उसके साथ गलत काम कर रहे थे। घटना के दौरान एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह दीक्षित अपने समर्थकों के साथ होटल पहुंचे थे। उन्हें सूचना मिली थी कि खजराना निवासी दो युवक एक युवती को बहला-फुसलाकर नशीला पदार्थ दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने जब कमरे में दबिश दी, तो वहां संदिग्ध सामान मिला। आरोपियों के मोबाइल खंगालने पर अश्लील फोटो, वीडियो, चैटिंग और मादक पदार्थों की तस्वीरें भी बरामद होने का दावा किया गया है।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस और कार्यकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की। एक आरोपी ने पहले अपना नाम 'लक्की' बताया, लेकिन कड़ाई से पूछने पर उनकी असली पहचान खजराना निवासी फैजान और अमन के रूप में हुई। हंगामे और आपाधापी का फायदा उठाकर आरोपी अमन मौके से रफूचक्कर हो गया, जबकि फैजान को कार्यकर्ताओं ने पकड़कर लसूड़िया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। लसूड़िया पुलिस ने पकड़े गए आरोपी फैजान को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस मोबाइल डेटा और होटल के रिकॉर्ड की जांच कर रही है। वहीं, फरार आरोपी अमन की तलाश जारी है।

# युवक को रॉन्ग साइड से आए बदमाशों ने पीटा,सिर में मारी लाठी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में भारत पेट्रोल पंप गुलाब बाग के पास रॉन्ग साइड से आए अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के साथ बेवजह गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना बीती रात करीब 9:30 बजे की है। फरियादी राकेश पिता सुदामा सवनेर निवासी निपानिया बंगाली चौराहे से अपने घर निपानिया की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गुलाब बाग स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से रॉन्ग साइड से आ रहे कुछ अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे।?जब राकेश ने गाली देने से मना किया, तो उग्र हुए आरोपियों ने उस पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में फरियादी के सिर में गहरी चोट आई और वह खून से लथपथ हो गया। मारपीट के बाद आरोपी भागने लगे और जाते-जाते पीड़ित को धमकी दी कि 'आइंदा कभी रास्ते में मिले तो जान से खत्म कर देंगे।' लसूड़िया थाना पुलिस ने फरियादी राकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।



# डिवाइडर पर चढ़ी कार पलटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कल रात राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के एबी रोड पर एक कार डिवाइडर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि टायर फटने से कार अनियंत्रित हुई। जिसके बाद वह डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि हादसे से कोई हताहत नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात भी एक कार जूनी इन्दौर ब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ गई थी। इसके कारण डिवाइडर को भी नुकसान पहुंचा था। कार भाजपा के एक नेता के समर्थक की बताई जा रही है।**

# कार की टक्कर से घायल कांवड़िये ने तोड़ा दम

## *चमेली देवी कॉलेज के पास हुआ था हादसा,*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में चमेली देवी कॉलेज के पास शनिवार देर रात रफ्तार के कहर ने एक कांवड़िये की जान ले ली। तेज गति में आई अज्ञात कार ने सड़क किनारे चल रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने रविवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर टक्कर मारकर भागने वाली कार और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त पारस पिता राजेश बेडवाल, (22) निवासी मक्सी रोड के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि पारस ई-रिक्शा चलाकर परिवार का हाथ बंटाता था। वह बीते 20 अगस्त को अपने दोस्तों के साथ कांवड़ यात्रा पर निकला था। शनिवार रात जब वह चमेली देवी कॉलेज के पास से गुजर रहा था, तभी अचानक पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि पारस सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के वक्त उसके साथी भी साथ मौजूद थे, लेकिन रात का अंधेरा होने और कार की स्पीड काफी तेज होने की वजह से वे गाड़ी का नंबर नहीं देख सके। वारदात के बाद कार चालक मौके से तेजी से वाहन भगा ले गया।घायल अवस्था में पारस को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। तेजाजी नगर पुलिस का कहना है कि चमेली देवी कॉलेज और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि अज्ञात कार और उसके चालक का सुराग लगाया जा सके।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।